विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 278 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 10 जुलाई 2025 डाक 11 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नामीबिया के विंडहोक पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया...



**देश-विदेश**
बेअसर रही ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल, बंगाल में छिटपुट हिंसा



**फीचर पेज**
इस बार सावन में 4 सोमवार को शिवालयों में होंगे धार्मिक अनुष्ठान





बिहार वोटर वेरिफिकेशन पर आज सुप्रीम सुनवाई

## चुनाव आयोग के फैसले को विपक्षी दलों ने दी है चुनौती, उठाए ये बड़े सवाल

**नईदिल्ली, 10 जुलाई ।**

बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और इसे लेकर राजनीतिक पार्टियां अपनी तैयारियों में जुट गई है। इस बीच चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने मोर्चा खोल दिया है।9 जुलाई विपक्षी पार्टियों के बड़े-बड़े नेता भी सड़क पर उतरे और चक्का जाम किया। इस विरोध प्रदर्शन में तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और दीपांकर भट्टाचार्य जैसे शीर्ष नेता भी शामिल हुए। विपक्ष के शक्ति प्रदर्शन के बाद अब लीगल बैटल की बारी है। वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण की लड़ाई अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुकी है और आज सर्वोच्च न्यायालय में इस पुनरीक्षण देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई होने वाल है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफर्मस ने चुनाव आयोग के इस फैसले को चुनौती देते हुए 5 जुलाई को याचिका दायर की थी। ADR के बाद राष्ट्रीय जनता दल , कांग्रेस समेत 9 राजनीतिक पार्टियों ने भी सर्वोच्च न्यायालय में इस फैसले को चुनौती दी है। विपक्षी दलों और ADR की ओर से दायर की गई याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया था।

इन याचिकाओं में 5 बड़े सवाल उठाए गए हैं। विपक्षी दलों द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों के नाम 1 जनवरी, 2003 को जारी की गई वोटर लिस्ट में हैं, उन्हें कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी। चुनाव आयोग ने बताया कि वे सभी लोग संविधान के अनुच्छेद 326 के तगत प्राथमिक तौर पर भारत के नागरिक माने जाएंगे। जिन लोगों के माता-पिता के नाम तब की मतदाता सूची में दर्ज है, उनको केवल अपनी जन्म तिथि और जन्म स्थान से संबंधित दस्तावेज देने होंगे।

## आपातकाल एक काला अध्याय, शशि थरूर ने फिर कांग्रेस को घेरा, कहा- अब ये 1975 का भारत नहीं



**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी के खिलाफ खड़े हुए हैं। इस बार उन्होंने कांग्रेस को आपातकाल को लेकर घेरा है। उन्होंने कहा कि आपातकाल में अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर क्रुरता की गई। आपातकाल को भारत के इतिहास का महज काला अध्याय नहीं मानना चाहिए, बल्कि इसके सबक को पूरी तरह से समझना जरूरी है। उन्होंने आपातकाल में इंदिरा गांधी और संजय गांधी के कामों को लेकर सवाल उठाए।

एक मलयालम अखबार में प्रकाशित लेख में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने 25 जून 1975 और 21 मार्च 1977 के बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल के काले युग को याद किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास क्रुरता में बदल दिए गए। जिन्हें उचित नहीं ठहराया जा सकता। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य शशि थरूर ने कहा कि इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया। यह आपातकाल का गलत उदाहरण बना। ग्रामीण इलाकों में मनमाने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंसा और जबरदस्ती की गई। नई दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गियों को बेरहमी से ध्वस्त कर दिया गया और उन्हें साफ कर दिया गया। हजारों लोग बेघर हो गए। उनके कल्याण पर ध्यान नहीं दिया गया।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। यह एक बहुमूल्य विरासत है जिसे निरंतर पोषित और संरक्षित किया जाना चाहिए। इसे दुनिया भर के लोगों के लिए एक स्थायी अनुस्मारक के रूप में काम करने दें। आज का भारत 1975 का भारत नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अधिक आत्मविश्वासी, अधिक विकसित और कई मायनों में अधिक मजबूत लोकतंत्र हैं। फिर भी आपातकाल के सबक अभी भी चिंताजनक रूप से प्रासंगिक हैं। थरूर ने कहा कि सत्ता को केंद्रीकृत करने, असहमति को दबाने और सांविधानिक सुरक्षा उपायों को दरकिनार करने का प्रलोभन विभिन्न रूपों में फिर से प्रकट हो सकता है।

## विधायक पर ईडी का शिकंजा 5 ठिकानों पर छापेमारी



**बेंगलुरू, 10 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्नाटक के विधायक एसएन सुब्बा रेड्डी और उनके परिजनों के खिलाफ विदेशी संपत्तियों को कथित तौर पर छुपाने को लेकर जांच शुरू कर दी है। फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (एफईएमए) की धारा 37 के तहत ईडी ने बेंगलुरु के 5 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। विधायक सुब्बा रेड्डी के आवास, उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठान और करीबी सहयोगियों के ठिकानों पर ईडी तलाशी अभियान चला रही है। यह छापेमारी कथित तौर पर उनके और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा विदेशों में अघोषित संपत्ति रखने और अवैध निवेश के आरोपों के आधार पर की जा रही है। ईडी के मुताबिक, एसएन सुब्बा रेड्डी और उनके परिजनों पर विदेशी खातों में भारी राशि जमा कराने समेत मलेशिया, हांगकांग और जर्मनी में अचल संपत्तियों में निवेश करने के आरोप हैं। कथित तौर पर इन संपत्तियों और निवेशों को भारतीय अधिकारियों से छुपाया गया, जो फेमा कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। ईडी उनकी अवैध विदेशी संपत्ति की जांच कर रही है। कर्नाटक के अलावा, हरियाणा में भी ईडी की टीमें सक्रिय हैं। ईडी ने हरियाणा में प्रोबो ऐप संचालित करने वाली कंपनी पर शिकंजा कसते हुए 284 करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज कर दी है। गुरुग्राम और जिंद में ईडी ने प्रोबो मीडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रमोटर्स सचिन सुभाषचंद्र गुप्ता और आशीष गर्ग के ठिकानों पर छापेमारी की। पीएमएलए के तहत यह कार्रवाई की गई। ईडी की जांच का मुख्य उद्देश्य कंपनी की ऐप और वेबसाइट प्रोबो के माध्यम से पूरे भारत में चल रही अवैध सट्टेबाजी और जुए की गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। बता दें कि प्रोबो ऐप और वेबसाइट को ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किया जाता है, लेकिन वास्तव में यह लोगों को हां या ना जैसे सवालों पर पैसे लगाने के लिए प्रेरित करता है, जो जुए और सट्टेबाजी का एक रूप है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें साधारण सवालों के जवाब देकर पैसे कमाने का प्रलोभन दिया गया, लेकिन यह वास्तव में एक सट्टेबाजी योजना थी।

## कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस की दुकानें बंद रहेंगी: कपिल मिश्रा

**नईदिल्ली, 10 जुलाई [एजेंसी]।**



दिल्ली के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस की दुकानें, जिनमें से अधिकांश अवैध रूप से संचालित हैं, इस महीने धार्मिक आयोजन के दौरान बंद कर दी जाएंगी। मंत्री ने सत्तारूढ़ भाजपा के कई विधायकों के साथ शहर में कांवड़ यात्रा मार्ग की तैयारियों की समीक्षा की। मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान कहा, दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का यह निर्णय है कि मीट की दुकानें बंद रहेंगी। फिर भी, ज़्यादातर दुकानें अवैध हैं और उन्हें वहां नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई भी दुकान नहीं खुलेगी और इसमें कोई छूट नहीं है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यह विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाएगा कि कहीं भी ऐसी कोई अवांछित घटना न घटे। श्रावण मास के महीने में 11 से 25 जुलाई तक श्रद्धालुओं द्वारा कांवड़ यात्रा की जाएगी। ांवड़ यात्रा के दौरान भक्त नदियों और अन्य पवित्र जलाशयों से जल लेकर लंबी दूरी पैदल तय करते हुए भगवान शिव के प्रमुख मंदिरों में जल चढ़ाते हैं। मिश्रा ने भाजपा विधायकों अजय महावर, तिलक राम गुप्ता, अनिल शर्मा, प्रद्युम्न राजपूत और संजय गोयल के साथ अप्सरा बॉर्डर से करोल बाग तक कांवड़ यात्रा मार्ग और शिविरों का निरीक्षण किया।

## आर्थिक अपराध इकाई के एक्शन से मचा हड़कंप, इन 3 जगहों पर कर रही छापामारी

**सहरसा।** सहरसा में आर्थिक अपराध इकाई तीन जगहों पर छापामारी कर रही है। शिक्षा विभाग



के बर्खास्त कार्यपालक अभियंता प्रमोद कुमार के सहरसा में किराए के मकान में, पांचगछिया में ओमप्रकाश सिंह के यहां और तिवारी चौक पर विजय सिंह के यहां छापामारी की जा रही है।

## एमएनएस और शिंदे गुट की तुलना गलत प्रियंका चतुर्वेदी ने डिप्टी सीएम पर कसा तंज

### कहा- जब कुणाल कामरा ने मजाक किया तो...



**मुंबई 10 जुलाई [एजेंसी]।**

राज्यसभा सांसद और शिवसेना) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने एक बड़ी बयान दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और उनके दल के पूर्व सांसद की कार्रवाई की तुलना शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के विधायक संजय गायकवाड़ की हरकत से करने को गलत बताया है। प्रियंका चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि जनता द्वारा चुने गए नेताओं से ज्यादा जिम्मेदारी और समझदारी की उम्मीद की जाती है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे गुट के विधायक द्वारा कैंटीन कर्मचारी के साथ मारपीट करने की घटना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, जो व्यक्ति कैंटीन कर्मचारी को पीट रहा है, वह महाराष्ट्र का चुना हुआ विधायक है। उसे जिम्मेदारी और परिपक्वता दिखानी चाहिए थी। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जब स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर मजाक किया था, तब उनके समर्थकों ने स्टूडियों को तोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले शिंदे गुट में बार-बार देखे जा रहे हैं। प्रियंका चतुर्वेदी ने MNS कार्यकर्ताओं द्वारा एक दुकानदार पर हमला करने के मामले में कहा कि वह भाषा नहीं बल्कि असम्मान को लेकर था। इस मामले में कानून ने काम किया और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। जमानती धाराएं लगने के बाद वे जमानत पर छूटे हैं। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ कोई एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई और न ही उनके खिलाफ कोई बोल रहा है। प्रियंका ने कहा, मैं किसी को सही ठहराने की कोशिश नहीं कर रही हूं, सिर्फ फर्क समझा रही हूं। पूर्व सांसद राजन विचारे के ऑफिस में कथित तौर पर व्यापारियों को थप्पड़ मारने की घटना पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि इसका भाषा से कोई लेना-देना नहीं थी। उन्होंने कहा कि मामला एक शिवसेना कार्यकर्ता से जुड़ा था जिसे मोबाइल कनेक्शन मांगने पर पीटा गया। विचारे ने दोषियों को ऑफिस बुलाकर कारण पूछा, लेकिन स्थिति बिड़ गई।

## सीएम विष्णुदेव साय ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई दी



**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना करता हूं। राजनाथ सिंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और देशभर के नेताओं ने जन्मदिन की बधाई दी है। सोशल मीडिया पर सुबह से ही शुभकामनाओं का तांता लगा हुआ है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में लिखा कि राजनाथ जी एक विचारशील नेता हैं, जिन्होंने देश की सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक मजबूत और भरोसेमंद नाम हैं। उनकी छवि एक नीट एंड क्लीन नेता की रही है, जो अपने मधुर व्यवहार और संतुलित राजनीति के लिए जाने जाते हैं। वे किसानों, व्यापारियों और आम जनता के बीच गहरी पकड़ रखते हैं। विपक्षी नेताओं से भी उनके अच्छे संबंध हैं और सभी दलों के नेता अक्सर उनसे संवाद करते रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं

**नईदिल्ली, 10 जुलाई [एजेंसी]।**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। गुरु पूर्णिमा का पर्व आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। भारतीय परंपरा में गहराई से जुड़ा यह दिन गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करता है, जो लोगों को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। पीएम मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, गुरु पूर्णिमा के विशेष अवसर पर सभी को शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री के अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस शुभ दिन पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य के रिश्ते के महत्व को बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी गुरुजनों को नमन करता हूं।

भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य का संबंध शिक्षा-दीक्षा के साथ ही आजीवन मार्गदर्शन का माध्यम भी होता है। हमारे इतिहास में गुरुओं ने सदैव शिष्यों में नैतिक मूल्य, ज्ञान, आचरण, संस्कृति तथा मातृभूमि के प्रति निष्ठा का भाव जगाने का कार्य किया है। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले सभी गुरुओं को शुभकामनाएं देता हूं।

## दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके, घरों से बाहर निकले लोग, 10 सेकेंड तक कांपी धरती




**नईदिल्ली, 10 जुलाई [एजेंसी]।**

**दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की खबर फैलते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।दिल्ली-एनसीआर में बुधवार रात से तेज बारिश, जाम एवं जलभराव झेल रहे लोग बृहस्पतिवार सुबह भूकंप के तेज झटकों से सहम गए। लोग डरकर घर से बाहर निकल आए।**

भूकंप के ये झटके दिल्ली के आसपास के इलाकों में भी महसूस किए गए।राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का अधिकेंद्र हरियाणा में झज्जर था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.4 थी और इसकी जमीन से 10 किमी नीचे थी। भूकंप का समय सुबह 9 बजकर 4 मिनट 50 सेकेंड रहा। भूकंप के झटके दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा और यूपी के क्षेत्रों में भी तीव्रता से महसूस किए गए। सुबह करीब 9 बजे जब अधिकतर लोग ऑफिस जाने की तैयारी में जुटे थे। तभी अचानक धरती हिलने लगी। शुरुआती जानकारी में अभी कहीं से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। दिल्ली-एनसीआर की ऊंची इमारतों में लोग बेहद भयभीत हो गए। सोशल मीडिया पर लोग अपने अनुभव साझा कर रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रेल हादसा, भूस्खलन के कारण पंजाब जा रही मालगाड़ी पटरी से उतरी

**कठुआ।** जम्मू से पंजाब जा रही एक मालगाड़ी गुरुवार सुबह भारी बारिश और भूस्खलन के बाद जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में पटरी से उतर गई। यह घटना कठुआ के लखनपुर इलाके के पास भूस्खलन का मलबा रेलवे ट्रैक पर गिरने के बाद हुई। रेलवे ट्रैकमैन राम बहादुर ने बातचीत में बताया कि बारिश के कारण भूस्खलन हुआ था, जिसके वजह से सारा मलबा ट्रैक पर आ गया था। नतीजतन, ट्रेन पटरी से उतर गई। सूचना मिलने पर, रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने और प्रभावित मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही बहाल करने का काम शुरू किया।

## नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा, बस-ट्रक टक्कर में ड्राइवर की मौत, कई यात्री घायल

**चंडीगढ़ 10 जुलाई।** हरियाणा के करनाल में नेशनल हाईवे-44 पर कर्ण लेक के पास एक निजी एसी बस और ट्रक की टक्कर में ड्राइवर की मौत हो गई और कई यात्री घायल हो गए। बस गुरुग्राम से चंडीगढ़ जा रही थी। बस और ट्रक के बीच टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही चालक की मौत हो गई और बस में सवार कई यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचा। घायल यात्रियों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, और मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। इस टक्कर में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और चालक बस में फंस गया।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## मणिपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बड़ी संख्या में हथियार किए बरामद

**इंफाल, 10 जुलाई [एजेंसी]।**



मणिपुर में सुरक्षा बलों और पुलिस की टीम को अलग-अलग अभियानों में बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों और पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद समेत संदिग्ध पदार्थ बरामद किया है। इसके अलावा, अलग-अलग मामलों में कई लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है। मणिपुर पुलिस के अनुसार, बिष्णुपुर जिले के मोइरांग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत उयुंगमाखोंग क्षेत्र में 9 जुलाई को सुरक्षा बलों ने तलाशी और क्षेत्र नियंत्रण अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान एक एके-56 राइफल (खाली मैगजीन के साथ), एक .303 राइफल (खाली मैगजीन के साथ), एक डबल बैरल बंदूक (डीबीबीएल), .303 की 10 जिंदा गोलियां और 7.62 मिमी की 10 जिंदा गोलियां बरामद की गई हैं। इसके अलावा, फौगाकचाओ इकाई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत दोपकोन और नगानुकोन गांवों के बीच के क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने 9 जुलाई को तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक .303 लाइट मशीन गन (एलएमजी), दो सिंगल बैरल बंदूकें, एक .303 खाली मैगजीन, 12 बोर के सात जिंदा कारतूस और चार आईईडी को बरामद किया है, जिनका वजन लगभग 3.9 किलोग्राम था।मणिपुर पुलिस ने बताया कि पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने हेरोइन और ब्राउन शुगर को बरामद किया है। मणिपुर पुलिस के मुताबिक, 9 जुलाई को मणिपुर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने तुपुल पुल पर चुराचांदपुर से कांगपोकपी की ओर आ रहे एक चार-पहिया वाहन को रोका। वाहन की तलाशी में 196 साबुन के डिब्बों में संदिग्ध हेरोइन और ब्राउन शुगर को बरामद किया है, जिसका वजन 2.193 किलोग्राम था। वाहन में सवार गिनमिनलेन हाओकिप (24 वर्षीय) और होलमिनलेन खोंगसाई (30 वर्षीय) को गिरफ्तार किया है। फिलहाल मामले में आगे की जांच जारी है। इससे पहले, 4 जुलाई को मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, भारतीय सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की संयुक्त टीमों ने मणिपुर के चार पहाड़ी जिलों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया था।

### 2.5 करोड़ की ड्रग्स बरामद, इंजीनियर समेत दो गिरफ्तार

**मुंबई 10 जुलाई।** मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए शहर में सक्रिय दो अलग-अलग ड्रग रैकेट्स का भंडाफोड़ किया है। क्राइम ब्रांच की इस कार्रवाई में कुल 2.5 करोड़ रुपए की नशीली दवाएं बरामद की गई हैं, जिसमें एमडी, चरस और हेरोइन शामिल हैं। एक इंजीनियर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की आजाद मैदान यूनिट ने पहले अभियान में अंधेरी के लोखंडवाला इलाके में रहने वाले एक इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियर एस खान (40) को गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खान अपने फ्लैट से ड्रग्स बेचता है। इसी सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें उसके घर से 1.25 करोड़ रुपये मूल्य की एमडी ड्रग्स और चरस तथा 18 लाख रुपये नकद बरामद किए गए।

# पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को दी गई श्रद्धांजलि

## उनके साथ बिताए अविस्मरणीय पलों को किया गया स्मरण

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी भाषा-संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठित करने वाले छत्तीसगढ़ के गौरव, सुप्रसिद्ध हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को पं. मुकुटधर पांडे साहित्य समिति द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. दुबे के तैलचित्र पर उपस्थित साहित्यकारों ने पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। सभी ने उनके साथ बिताए अविस्मरणीय पलों को स्मरण करते हुए उन्हें आत्मीय भाव से याद किया।



समिति के संरक्षक यूनुस दानियालपुरी, कमलेश कुमार यादव, मुकेश चतुर्वेदी, अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, सचिव डॉ. के.के. चंद्रा, उपाध्यक्ष बलराम राठौर, अंजना सिंह ठाकुर व स्मिता देशपांडे ने डॉ. दुबे के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। यूनुस दानियालपुरी ने कहा कि कोरबा में साहित्य भवन के निर्माण और साहित्यकारों को प्रोत्साहन देने में डॉ. दुबे की भूमिका उल्लेखनीय रही है। दिलीप अग्रवाल ने राजभाषा आयोग के प्रांतीय सम्मेलन की स्मृतियों को साझा करते हुए भावुक होकर डॉ. दुबे को याद किया। कमलेश यादव ने उनकी सरलता, सहजता और प्रभावशाली वाणी की सराहना की। डॉ. के.के. चंद्रा ने बताया कि डॉ. दुबे को उनका वनवासी गीत अत्यंत प्रिय था और वे प्रत्येक भेंट में उनसे यह गीत अवश्य गवाते थे। इस अवसर पर उन्होंने उसी गीत की भावनात्मक प्रस्तुति दी। मुकेश चतुर्वेदी ने कहा कि जब भी डॉ. दुबे कोरबा आते थे, वे उनसे मिलते और साहित्य व समाज के विविध पहलुओं पर संवाद करते थे। कोरबा और साहित्य भवन से उनका गहरा जुड़ाव था, जिसकी पूर्ति संभव नहीं। प्रथम सत्र का संचालन कर रहे जीतेंद्र कुमार वर्मा 'खैरझिटिया' ने भगवान से विनती करते हुए कहा कि, डॉ. दुबे को छत्तीसगढ़ की माटी में पुन: जन्म दें। राजभाषा आयोग के सचिव के रूप में उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा के उत्थान हेतु जो कार्य किए हैं, उसकी सबने विशेष सराहना की। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत एक काव्यगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित कवियों ने गीतों और कविताओं के माध्यम से डॉ. दुबे को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विशेष रूप से हास्य-व्यंग्य विधा में रचनाएँ पढ़कर उन्हें याद किया गया।

हास्य रचनाएँ प्रस्तुत करने वाले कवियों में बलराम राठौर, संतोष चौहान, जगदीश श्रीवास, उदय प्रधान, रामकृष्ण साहू, मनीष कुमार मुसाफिर, दीपक सिंह ठाकुर आदि शामिल रहे। गोष्ठी के दौरान पावस ऋतु विषय पर भी कवियों ने सरस रचनाओं की प्रस्तुति दी। सहभागी कवि-कवयित्रियों में रसीद बानो, वीणा मिस्त्री, शनि प्रधान, सरस्वती श्रीवास, रश्मि श्रीवास, राधेश्याम कुमार, नवल कुमार जोशी, कविता जैन, यामिनी मनहर, अनुसुइया श्रीवास, प्रतिभा सहारे, अंजना सिंह ठाकुर, जीतेंद्र वर्मा खैरझिटिया, हीरामणि वैष्णव, डिकेश्वर साहू, आलोक शर्मा, स्मिता देशपांडे, अर्चना साहू, प्रेमलता राठौर आदि प्रमुख रहे। कविगोष्ठी का संचालन कविता जैन और जगदीश श्रीवास ने संयुक्त रूप से किया। अंत में समिति के उपाध्यक्ष बलराम राठौर ने सभी आमंत्रित अतिथियों, साहित्यकारों व श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पुनीराम को महामंत्री की जिम्मेदारी

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के कोसाबाड़ी मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देश एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष श्री गोपाल मोदी ने कार्यकारिणी की सूची जारी की।

घोषित कार्यकारिणी में डॉ. राजेश राठौर को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि पुनीराम साहू और मिलाप बरेठ को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुनीराम साहू की नियुक्ति को कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने वाला तथा मंडल के लिए प्रेरक कदम बताया है। उनके अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार हुआ है।

अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष पद पर श्री श्रीधर द्विवेदी, श्रीमती मीरा सोनी, श्रीमती सरिता कौशिक और श्री प्यारे साहू को शामिल किया गया है। मंत्री के रूप में श्री गोपलाल राठिया, श्री शक्ति दास, श्रीमती सरस्वती पटेल और श्रीमती राजमोहिनी भगत को जिम्मेदारी दी गई है।

# मरीज को खाट पर पहुंचाया अस्पताल

**कोरबा ।** कोरबा जिले के पहुंच विहीन ग्रामो में आज भी सुविधाएं नहीं पहुंच पाई है। इन क्षेत्र के मरीजों को न तो समय पर एंबुलेंस मिल रही है और न ही उपचार की सुविधा। कई स्थानों पर परिजनों के फोन करने के बाद भी ग्राम तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है।



इसी कड़ी में पाली विकासखंड के ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 37 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बारीउमराव के गांव जलहल में रहने वाली करसीला एक्का (37) पति रामधन एक्का मौसमी बीमारी की चपेट में आ गई। शरीर बुखार से तप रहा था। उसकी बिगड़ती तबीयत को देखते हुए रामधन एक्का ने एंबुलेंस को कॉल किया। लेकिन एबुंलेंस नहीं पहुंची। इस बीच झमाझम बारिश हो रही थी। परिजन आनन-फानन में बरसते बादल के बीच मरीज को खाट के सहारे ग्राम लीमगांव ले आए। इस दौरान बारिश से मरीज को बचाने के लिए खाट को तिरपाल से ढंका और मरीज को छाता भी ओढ़ाया। मरीज को लेकर सड़कविहीन ग्राम से लीमगांव मुख्य मार्ग तक लगभग सात किलोमीटर पैदल चले। लीमगांव मुख्य मार्ग से निजी वाहन की मदद से पाली मुख्यालय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब महिला की तबीयत सामान्य बताई जा रही है, लेकिन इस दौरान परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पाली विकासखंड के ग्राम जलजल से लीमगांव तक सड़क की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। गांव से मुख्य मार्ग की दूरी लगभग सात किलोमीटर है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। इसकी वजह से काफी असुविधा हो रही है। इसकी शिकायत ब्लॉक मुख्यालय से लेकर जिला प्रशासन से कई बार की जा चुकी है।



# जिला पंचायत सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** जिला पंचायत संसाधन केंद्र में जिले के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के लिए तीन दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश नाग के निर्देशन में 07 जुलाई से 09 जुलाई तक आयोजित किया गया।प्रशिक्षण का उद्देश्य नवचयनित जनप्रतिनिधियों को शासन की योजनाओं, नियमों तथा उनके दायित्वों की समग्र जानकारी देना था, ताकि वे अपने कार्यों का निष्पादन प्रभावी ढंग से कर सकें। इस दौरान पंचायती राज अधिनियम, पेसा एक्ट, जिला पंचायत के नियम व कार्यप्रणाली के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन आदि प्रमुख योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

समापन अवसर पर जिला पंचायत सदस्यों को सीईओ दिनेश नाग के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि यह प्रशिक्षण नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके कर्तव्यों को समझने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपसंचालक पंचायत सुश्री जूली तिर्की, संकाय सदस्य लक्ष्मीकांत साहू, जिला समन्वयक सिद्धार्थ असाटी, जिला बाल/संरक्षक अधिकारी दयादास महंत, जिला सलाहकार (स्वच्छ भारत मिशन), दीप सरकार सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दीपका भाजपा मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

## 12 सदस्यीय टीम में 4 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री सहित 4 महिलाएं शामिल

**कोरबा ।** दीपका भाजपा के स्थानीय मंडल में नई कार्यकारिणी का गठन हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के सहमति से भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अनुशंसा से भारतीय जनता पार्टी दीपका मण्डल के पदाधिकारियों की घोषणा करी गई, जहां मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति ने जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी की सहमति से 12 सदस्यीय टीम बनाई है। गुलशन ध्रुव और धरम तिवारी को महामंत्री नियुक्त किया गया है।उक्त कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष और चार मंत्री नियुक्त किए गए हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए टीम में चार महिलाओं को स्थान मिला है। उपाध्यक्ष पद पर मुकेश जायसवाल, मनोज दुबे, गोयल कंवर, और रोहित राठौर को नियुक्त किया गया है। मंत्री पद पर श्रीमती सुमनलता गिलहरे, राधेश्याम पटेल, श्रीमती मधुरिमा सोलंकी और श्रीमती सावित्री यादव को चुना गया है। श्रीमती संगीता साहू को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मीडिया प्रभारी का कोई पद नियुक्त नहीं किया गया। मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति ने कहा कि नई कार्यकारिणी पार्टी की नीतियों के अनुरूप काम करेगी, सभी पदाधिकारी जनसेवा को प्राथमिकता देंगे। वे संगठन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे।

## कनकी में बनेगा बालक आश्रम

कोरबा। विकासखंड करतला अंतर्गत ग्राम पंचायत कनकी में प्राथमिक बालक आश्रम की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। यहां जनपद पंचायत करतला के उपाध्यक्ष मनोज झा के मुख्य आतिथ्य में जिला खनिज न्यास से स्वीकृत प्राथमिक बालक आश्रम के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ हुई। पूजन समारोह में सभापति श्रीमती सुषमा राजवाड़े, रीना सिदार और लक्ष्मीन बाई विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जनप्रतिनिधियों ने भूमि पूजन कर आश्रम के निर्माण के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत साबित होगी। मनोज झा ने इस अवसर पर कहा, प्राथमिक बालक आश्रम का निर्माण क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा और संस्कार की दिशा में मील का पत्थर होगा।

## कोमा में गए मासूम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मिली नई जिंदगी

**कोरबा।** कोमा की हालत में भर्ती कराए गए 6 साल के बच्चे को पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट में 20 दिन तक इलाज के बाद नई जिंदगी मिली है। बच्चे के स्वस्थ होते ही उसके माता-पिता की मुस्कान लौट आई। पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के जलके गांव निवासी अजय कुमार ने अपने 6 वर्षीय बेटे नीरज को 3 सप्ताह पहले गंभीर चिकित्सकीय स्थिति में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। आर्थिक परेशानी से परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज संबद्ध अस्पताल के इमरजेंसी विभाग पहुंचे। यहां जांच के बाद बच्चे की हालत गंभीर मिली। वह कोमा में था और उसकी धड़कन व नब्न कमजोर थी। सांस लेने में भी तकलीफ थी। बच्चे के फेफड़ों में एंडोट्रेकियल ट्यूब लगी थी, उसे अंबु बैग से सांस देते हुए लाया गया था। बच्चे की धड़कन को बनाए रखने वाली दवाइयां पहले से चल रही थी। किडनी भी कमजोर हो चुकी थी। बच्चे की बीमारी के लक्षण जटिल वायरल इन्सेफेलाइटिस की तरह थे। ऐसे में इमरजेंसी विभाग ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी। इसके बाद प्रबंधन से पीडियाट्रिक विभाग को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश मिले। चिकित्सकों ने इमरजेंसी वार्ड में ही वेंटिलेटर पर बच्चे को रख इलाज शुरू किया। 3 दिन तक इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर उसे वेंटिलेटर से बाहर निकाला। हालांकि बच्चे को बीच-बीच में खून की उल्टी हो रही थी,।

# विद्युत कर्मियों की मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन का ऐलान

### चित्रकूट में हुई अखिल भारतीय कार्यसमिति की बैठक

**कोरबा ।** भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ की दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक 5 व 6 जुलाई को चित्रकूटधाम में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय अध्यक्ष मधुसूदन जोशी ने की एवं संचालन महामंत्री डी. राजमुरुगन ने किया। बैठक में रायपुर अधिवेशन में पारित 6 अहम प्रस्तावों को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसमें एक राष्ट्र एक सेवा नियम, विद्युत क्षेत्र में निजीकरण पर रोक, समान कार्य-समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली सहित कई मांगें शामिल हैं।

संगठन ने चेताया हैं कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानी तो जल्द ही क्रमबद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू होगा। बैठक में छत्तीसगढ़ से नवरतन बरेठ, हरीश चौहान, मनोज शर्मा, डी.के. यदु, पूर्णिमा साहू, रीता बघेल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। नई जिम्मेदारियों के तहत हरीश चौहान को उड़ीसा, मनोज शर्मा को महाराष्ट्र और राजकुमार नायक को छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया।

# मध्यस्थता राष्ट्र अभियान के संबंध में बैठक हुई आहूत

**कोरबा ।** न्यायिक प्रक्रियाओं को सरल, त्वरित व जन-हितैषी बनाने मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के क्रियान्वयन करने के लिए को न केवल एक वैकल्पिक विवाद निपटान प्रणाली बल्कि न्याय को सुलभ व प्रभावी बनाने का सशक्त माध्यम माध्यम बनाये जाने हेतु एवं पक्षकारों को संतोषजनक समाधान प्राप्त हो सके तथा सभी न्यायालय को अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के लिए चिन्हांकित करने, रेफरल प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से लागू करने तथा साथ ही मध्यस्थता निगरानी समिति को समयबद्ध तरीके से प्रतिवेदन भेजने एवं मध्यस्थता राष्ट्र के लिए एक अभियान 01 जुलाई से शुरू किया गया है उसे 07 अक्टूबर तक चलाया जाना है।



उक्त अभियान में तालुका न्यायालय, जिला न्यायालय व उच्च न्यायालय स्तर पर लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत किये जाने हेतु 90 दिवसीय समय सीमा निर्धारित की गयी है। इस अभियान को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने 07 जुलाई को एक बैठक आहूत की। उन्होंने समस्त न्यायिक एवं मध्यस्थता अधिकारी को अधिक से अधिक प्रकरण के निराकरण किये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए कि मध्यस्थता अभियान के तहत प्रक्षकारो को निर्धारित समय सीमा में नोटिस तामिली करेंगे, साथ ही एसओपी में दिए गये दिशा निर्देशों के अनुसार मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु ग्राम कोटवार के सहयोग से जानकारी प्रदान करने के संबंध में चर्चा की गयी। उक्त बैठक में जिला न्यायालय कोरबा से संबंधित समस्त न्यायाधीशगण एवं बाह्य न्यायालयों के समस्त न्यायाधीशगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम के लिए हितग्राहियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजनांतर्गत आवेदन के लिए उद्यमी की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं उद्यमी का अंशदान होगा। उद्यमियों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक के साथ आवेदन करना होगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है। इसमें हितग्राहियों को वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

इस योजना में सभी प्रकार के खाद्य सामग्री उदाहरण के तौर पर वनोपज पर आधारित निर्मित उत्पाद, चना-मुर्रा, भुजिया, पेठा, पापड़, आचार, बड़ी नमकीन, मिक्चर, बेकरी का निर्माण, राईस मिल, कोदो मिल, पोहा मिल, आटा चक्की, मसाला उद्योग इत्यादि को योजना के तहत् लाभ प्रदान किया जाएगा।

महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरबा ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण एकल उद्यमी, एफपीओ, स्वसहायता समूह एवं सहकारिता को बैंक के माध्यम से क्रेडिट लिक्ड पूंजी सब्सिडी दिया जाना है, जिसके तहत् नवीन एवं मौजूदा दोनों उद्यमी को पात्र परियोजना लागत की 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिक्ड पूंजी सब्सिडी परंतु अधिकतम 10 लाख रूपए दिये जाने का प्रावधान है। हितग्राही का स्वयं का योगदान 10 प्रतिशत होगा और शेष राशि बैंक से ऋण दिया जाएगा।

# गड्ढे में गिरने से मासूम की गयी जान-सरभोका में मातम

**कोरबा ।** कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सरभोका के केशरूपारा में घर के सामने बने गड्ढे में बारिश का पानी भर जाने से दो मासूम बच्चे उसमें खेलते-खेलते गिर गए।

ग्रामीणों की तत्परता से एक बच्चे को समय रहते बचा लिया गया, लेकिन तीन वर्षीय गगन सिंह बिझावार की पानी में डूबने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। मासूम की मृत्यु से पूरे ग्राम में शोक की लहर फैल गई है। यह घटना अन्य लोगो के लिये एक गंभीर चेतावनी है कि घर या बस्ती के आस-पास बने खुले गड्ढे जानलेवा साबित हो सकते हैं। यदि ऐसे स्थलों को स्लैब से ढक दिया जाए या समतल करा दिया जाए, तो भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बारिश के मौसम में इस तरह के खतरनाक स्थानों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित किया जाए। सावधानी ही सुरक्षा है, मासूमों की जिंदगी बचाने के लिए अब हर गड्ढे को भरना जरूरी हैं।

# पार्षदों, जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई जनसमस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें - आयुक्त

**कोरबा ।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि वार्ड पार्षदों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई जनसमस्याओं का निराकरण सर्वाच्च प्राथमिकता के साथ करें, पार्षद अपनी वार्ड की जनता के प्रतिनिधि हैं, वार्ड की जनता अपनी समस्याओं को लेकर सर्वप्रथम अपने पार्षद के पास जाती है, वार्ड पार्षद इन समस्याओं के त्वरित निराकरण की अपेक्षा निगम प्रशासन से रखते हैं, अत: उनके द्वारा बताई गई समस्याएं त्वरित रूप से निराकृत हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।आयुक्त आशुतोष पाण्डेय आज निगम की एक्शन टीम के साथ प्रात: 07 बजे सर्वमंगला जोन की ग्राम्य बस्ती बरमपुर सर्वमंगला नगर पहुंचे, निगम के वार्ड क्र. 61 व 62 की इन बस्तियों में भ्रमण के दौरान उन्होने उक्ताशय के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त वार्डो की बरमपुर ऊपर बस्ती, ठाकुरदीहा मोहल्ला, मंझवार मोहल्ला तथा सर्वमंगला नगर के विभिन्न मोहल्लों, पारों की गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ की सफाई व्यवस्था व किए जा रहे सफाई कार्य, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, सड़क, नाली, बरसाती पानी की निकासी, अतिक्रमण व अवैध कब्जा, डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण सहित अन्य विविध कार्यों, जरूरतों व जनसमस्याओं का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। भ्रमण के दौरान उक्त मोहल्लों व बस्तियों में सड़क, नाली, कलवर्ट निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन निर्माण कार्यो के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिए। इसी प्रकार बरसाती पानी व अन्य निस्तारी पानी की समुचित निकासी हेतु बस्तियों में स्थित विभिन्न नालियों को वहाँ पर स्थित बड़ी नाली से कनेक्ट किए जाने संबंधी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी उन्होने दिए।

# सुरक्षित जगह की तलाश में बिल से बाहर निकल रहे सांप,सावधानी जरूरी

**कोरबा।** जिला वनांचल क्षेत्र होने के कारण,बरसात का मौसम शुरू होते ही वातावरण में नमी और उमस बढने तथा वर्षा का पानी जब उनके बिलों में भर जाने के कारण अपने भोजन की तालाश में जहरीले कीट, सांप बिच्छु अपने व तथा सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर बाहर आ जाते हैं तथा भोजन की खोज में घरों में घुस जाते हैं और लोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता जिससे सर्पदंष की घटनाएँ बढ़ जाती हैं । सर्पदंश से अधिकांश व्यक्तियों की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण सर्पदंश के मामले में चिकित्सा विज्ञान पर विश्वास नहीं रखते है तथा बैगा गुनिया से झाड-फूक कराते हैं एवं अंधविश्वास व अज्ञानता के कारण असमय कालकवलित हो जाते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि झाड़-फूक से किसी भी सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति की जान नही बचाई जा सकती है। अंधविश्वास के कारण ग्रामीण संर्पदंश के मामलों में झाड-फूक में समय नष्ट कर मरणासन्न स्थिति में पीड़ितों को चिकित्सालय लाया जाता है, जिससे ऐैसे प्रकरणों में जीवन बचाने में चिकित्सक भी असफल रहते हैं।उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में सर्पदंश के प्रकरणों में बचाव हेतु जनसामान्य में जागरूकता लाने हेतु विभागिय स्तर उपर सभी अधिकारियों /कर्मचारियों को नागरिकों को व्यापक स्वास्थ्य शिक्षा देने व सजग रहने की हिदायत दी गई है। वर्तमान स्थिती में जिला चिकित्सालय सहित विकासखण्ड मुख्यालय स्थित सामु.स्वास्थ्य केन्द्रों में सर्पदंश के प्रकरणों का नि:शुल्क ईलाज हेतु पर्याप्त मात्रा मे दवाईयां (एण्टी स्नेक वेनम )उपलब्ध है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सर्पदंश के अप्रत्याशित प्रकरणों में कमी लाने व बचाव के सारगर्भित उपायों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि -अगर आप घर से बाहर जा रहे हैं और उस क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी नहीं है, तो अपने साथ टार्च अवश्य रखें तथा जूते अवश्य पहनें।.घरों में समुचित प्रकाश की व्यवस्था बनाए रखें. घरों में कूड़े करकट का ढेर लगाकर न रखें। शयन कक्ष में भोजन सामग्री , धान आदि न रखें, ताकि चूहे का आना कम हो। आपके पड़ोस या आस-पास के इलाके में सांप के काटने की स्थिति में घबराएं नही द्य घबराने से हृदय गति बढ़ सकती है और सर्पदंष के शिकार व्यक्ति के लिए यह घातक साबित हो सकता है, क्योंकि इससे विष तेजी से पूरे शरीर में फैल सकता है।. सर्पदंश वाली जगह के उपरी हिस्से को कपड़ा या रस्सी से न बांधे। अधिकांश परिस्थितयों में बेहद हानिकारक हो सकती है। सांप के काटने वाली जगह पर कुछ भी बॉधने से उपचार के लिए हटाये जाने पर विष का तेजी से असर हो सकता है। यदि किसी व्यक्ति को सांप ने काट लिया है तो उस व्यक्ति को स्थिर रखें सर्पदंश से प्रभावित अंग को हिलाए डुलाएं नहीं । हिलाने -डुलाने से शरीर के अन्य अंगों में जहर तेजी से फैल सकतद्य सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को काटने वाली जगह के आसपास काटे और जलाएं नहीं।. झोलाछाप चिकित्सक या झाड़-फूक के पास न जावें। सांप के काटने का एकमात्र इलाजअस्पताल में दिए जाने वाले एंटीवेनम के माध्यम से होता है। सर्पदंश पश्चात नजदीकीसामु.स्वास्थ्य केन्द्र अथवा जिला चिकित्सालय में बिना विलंब किए चिकित्सक से परीक्षण व उनके सलाह के अनुसार तत्काल उपचार करावें।- कलेक्टर वसंत व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है ।

# शव को कचरा वाहन में भेजवाया, एएसआई निलबिंत

**कोरबा।** जिले से प्रशासन और पुलिस की संवेदनहीनता का शर्मनाक चेहरा सामने आया है। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में एक वृद्ध महिला की अधजली लाश को पोस्टमार्टम के लिए शव वाहन या एंबुलेंस में ले जाने की बजाय नगर निगम की कचरा ढोने वाली गाड़ी में ठूंसकर अस्पताल पहुंचाया गया। इस अमानवीय हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही जिले में हड़कंप मच गया और पुलिस की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े हो गए।घटना को लेकर जनता में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि मृतक के प्रति घोर अपमान और प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता उदाहरण है। आखिर ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं, जहां इंसानी शव को भी सम्मानपूर्वक अस्पताल तक पहुंचाया जा सके? जानकारी के अनुसार, बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में गीता विश्वास नामक वृद्ध महिला की अधजली लाश संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की। लेकिन इस दौरान न तो शव वाहन आया और न ही एंबुलेंस। पुलिस ने स्थ्वष्ट्ररुसे शव वाहन मांगा, लेकिन वहां से भी निराशा हाथ लगी। इसके बाद पुलिस ने नगर निगम की कचरा ढोने वाली गाड़ी का इस्तेमाल किया और उसी में शव को भरकर अस्पताल भेजा। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि महिला का शव कचरा गाड़ी में रखा गया है और वाहन अस्पताल की ओर जा रहा है। इस वीडियो ने जिले के पुलिस-प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है। लोग सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कोरबा में इंसान की लाश की कीमत सिर्फ एक कचरा गाड़ी जितनी रह गई

## अंतिम चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी


**कोरबा ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा द्वारा कुल 23 प्रकार के संविदा पदों के विरूद्ध विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त पदों के भर्ती प्रक्रिया के अनुक्रम में अंतिम चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सूची का अवलोकन जिला कोरबा के बेबसाइट एवं जिला कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

## अगस्त 2025 तक रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करायें

**कोरबा ।** वर्तमान में जिला रोजगार कार्यालय में पंजीयन हेतु आधार कार्ड अनिवार्य है। वर्ष 2024 के पूर्व रोजगार कार्यालय कोरबा में पंजीयन कराये गये आवेदकों को सलाह दी गई है

## अंतरजातीय प्रेम विवाह के बाद हुक्का पानी बंद

**जांजगीर-चांपा ।** न्यू कॉलेज रोड जगदल्ला रोड चांपा निवासी एक प्रेमी जोड़े ने अंतरजातीय विवाह के बाद समाजिक बहिष्कार और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित अजय खूंटे और नेहा साहू ने बताया कि उन्होंने 5 वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था, लेकिन आज भी समाज ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। नेहा ने अपनी मां सुलेखा साहू सहित महिला समूह के अन्य सदस्यों पर नामजद शिकायत की है। पीड़ितों के अनुसार, समाज ने उनका हुक्का-पानी बंद कर दिया है। आसपास के लोग उनकी किराना दुकान से सामान खरीदने से मना कर रहे हैं। इतना ही नहीं, समाज के लोगों ने उठने-बैठने पर जुमार्ना लगाकर लाखों रुपये की वसूली भी



की है नेहा और अजय का आरोप है कि समूह के सदस्य लगातार पैसों की मांग कर रहे हैं, और इनकार करने पर गाली गलौज के साथ-साथ जान से मारने की धमकी भी देते हैं। घर आए मेहमानों को घेरकर मारपीट की जाती है और घर में पत्थरबाजी तक की घटनाएं हो रही हैं। पीड़ित दंपत्ति ने सीसीटीवी कैमरों में दर्ज गाली-गलौज और मारपीट के वीडियो भी बतौर सबूत पेश किए हैं। उनका आरोप है कि जब वे थाना चांपा शिकायत दर्ज कराने पहुंचे, तो पुलिस ने स्नद्धक्र लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद थक हारकर वे एसपी कार्यालय पहुंचे। हालांकि आला अधिकारी ने अब पीड़ित को आश्वाशन दिए इस तरह के गतिविधि में शामिल करने वाले के ऊपर तत्काल जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# कालातीत दवाईयां सील बंद पैकेट में मिली कुएं में

**जांजगीर-चांपा।** जिले में एक कुएं में बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयां तैरती हुई मिली हैं। जिला मुख्यालय के कचहरी चौक में पशु चिकित्सा विभाग का दफ्तर है, जहां पर बने कुएं में दवाइयां देखी गई। सूचना के बाद कुछ दवाइयों को बाहर निकाला गया, जिसमें सभी दवाइयां सील पैक थी और एक्सपायर हो चुकी थी।

जानकारी के मुताबिक, इसी परिसर में ही कुआं है। आमतौर पर कुएं पर लोगों की नजर नहीं पड़ती। क्योंकि, अब लोग कुएं के पानी का इस्तेमाल नहीं करते। ऐसे में बारिश के बाद अचानक कुएं में पानी भरा तब उसमें से दवाइयों का जखीरा तैरते मिला। जिसके बाद खरीदी में गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। अचानक इतनी बड़ी मात्रा में दवाइयां मिलने से संदेह जताया जा रहा है कि अनियमितताओं को छिपाने के लिए ये काम किया गया होगा। आपूर्ति के अतिरिक्त बड़े पैमाने पर दवाइयां खरीदी गई थीं। हालांकि उप संचालक ए एल सिंह ने इस पर जांच की बात कही है।

बताया जा रहा है कि दवाइयों की कीमत करोड़ों में है लेकिन विभाग के उप संचालक ए एल सिंह ने कहा कि विभाग को उतना बजट ही नहीं मिलता तो इतनी मात्रा की दवाइयां कैसे मिलेगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष में मिले बजट से दवा खरीदी करते है। जिले में 55 संस्थाएं संचालित है। जिसमें वितरित किया जाता है। रजिस्टर में इसका रिकॉर्ड रखा जाता है। कुएं में मिली दवाईयों की जांच कराई जाएगी।

शासन हर साल पशुओं के इलाज के लिए शासन करोड़ों रुपए खर्च करता है। इसमें निशुल्क दवा वितरण योजना भी शामिल है। पशुपालकों को जेनरिक और सर्जिकल दवाइयां मुफ्त दी जाती हैं। इससे पशुओं की बीमारियों की रोकथाम की जाती है।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार राज्य शासन से दवाइयों की आपूर्ति होती है। जिला स्तर पर भी दवाइयां खरीदी जाती हैं। यह व्यवस्था पशु पालकों को निरंतर दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए की जाती है।

## बोलबम सेवा समिति भोजपुर चांपा के भक्त रवाना हुए बाबा बर्फानी की पवित्र यात्रा पर




**चांपा।** भोजपुर चांपा की बोलबम सेवा समिति के 22 श्रद्धालु कल दोपहर बाबा बर्फानी (अमरनाथ) के दर्शन हेतु ट्रेन से रवाना हुए। समिति के सदस्यों का यह धार्मिक यात्रा सावन मास की पुण्य बेला में प्रारंभ हुई है, जो पूर्ण रूप से भोलेनाथ की कृपा और आस्था से ओतप्रोत रहेगी।श्रद्धालुओं के चेहरों पर भक्ति और उत्साह की झलक देखते ही बन रही थी। भक्तों ने जयकारों के साथ यात्रा की शुरुआत की और बाबा बर्फानी से जीवन में शांति, सुख और समृद्धि की कामना की। यह यात्रा सावन माह के पवित्र अवसर पर की जा रही है, जब अमरनाथ यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व होता है।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा पूरी तरह से सुरक्षित और अनुशासित ढंग से होगी। सभी आवश्यक तैयारियाँ की जा चुकी हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। 22 श्रद्धालु रवाना हुए बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए। ट्रेन से चांपा से हुई यात्रा की शुरुआत हुआ है। सावन माह में भोलेनाथ के दर्शन का मिलेगा पुण्य लाभ मिलता है। बोलबम सेवा समिति द्वारा समर्पित तरीके से यह आयोजन किया जाता रहा है।

# जांजगीर-चांपा पुलिस ने किया ऑपरेशन उपहार का शुभारंभ

**जांजगीर।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर जांजगीर-चांपा पुलिस ने एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में जिले में ऑपरेशन उपहार का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत मोटर साइकिल चालकों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित कर, उन्हें यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। हेलमेट- एक उपहार, जो जीवनभर साथ दे ऑपरेशन उपहार की खास बात यह है कि लोगों को यह संदेश दिया जा रहा है कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य खास मौकों पर अपने प्रियजनों को हेलमेट भेंट करें, जिससे यह उपहार उनके जीवन की सुरक्षा में योगदान दे। हेलमेट सिर्फ एक वस्तु नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी और जागरूकता का प्रतीक बने। Also Read - गुरु पूर्णिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुजनों का सम्मान हेलमेट वितरण कार्यक्रम की

प्रमुख बातें- थाना जांजगीर क्षेत्र के पुटपुरा चौक और अकलतरा चौक हाईवे रोड पर आयोजित इस अभियान में 50 दोपहिया वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में स्थानीय एजेंसियों—आनंद हीरो, गट्टानी होंडा, बलौदा हीरो और भगवती होंडा—का सहयोग रहा। पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय और यातायात विभाग के अधिकारियों ने लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी और सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

## सामान्य सभा की बैठक कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 11 जुलाई 2025 को समय दोपहर 01 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

## नवीन शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ में स्वीप कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे के निर्देशन में नवीन शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का उद्देश्य युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर प्रयोग करने तथा लोकतंत्र में अपने सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में छात्रों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा सुधार करने संबंधी प्रक्रिया को बताया गया तथा वोटर आई.डी प्राप्त करने की प्रक्रिया को बताया गया। छात्रों को वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन तथा चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया तथा यह भी बताया गया कि युवा लोकतंत्र का आधार है वह अपने वोट का प्रयोग निष्पक्ष तरीके से करें और एक जिम्मेदार नागरिक बने। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य बी.के. पटेल, एनएसएस अधिकारी नरेंद्र गिरी, स्वीप नोडल अधिकारी शंकर लाल माथुर, डॉ. कोमल चंद्रा, वंदना टोप्पो, दिनेश मनहर, गौरी शंकर महिपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# व्यापारिक सफलता तभी पूर्ण मानी जाएगी जब वह सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जुड़ी हो: सुल्तानिया

**जांजगीर चाम्पा।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी बैठक गत दिवस दोपहर चेंबर कार्यालय, चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, रायपुर में सम्पन्न हुई। चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने अपने उद्बोधन में 75 दिनों की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए बताया कि चेंबर की पहल पर प्रदेश में सिंगल विंडो प्रणाली लागू हुई। वहीँ प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया ने कहा कि व्यापारिक सफलता तभी पूर्ण मानी जाएगी जब वह सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जुड़ी हो।



इस अवसर पर अपर श्रम आयुक्त एस.एल. जांगड़े की उपस्थिति में बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। उन्होंने बाल श्रम के विरुद्ध सख्त कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए सभी व्यापारियों से सहयोग की अपील की।

अध्यक्ष थौरानी ने अपने सम्बोधन में कहा कि भविष्य में तकनीकी जागरूकता हेतु कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। चेंबर की वेबसाइट के माध्यम से अब व्यापार से जुड़े नियम-कानूनों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया ने अपने उद्बोधन में कहा, बाल श्रम न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह हमारे सामाजिक मूल्यों और भविष्य की पीढ़ी के साथ अन्याय भी है। चेम्बर की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह इस दिशा में जागरूकता फैलाए और सभी व्यापारियों को प्रेरित करे कि वे अपने प्रतिष्ठानों में बच्चों से कोई कार्य न कराएं। व्यापारिक सफलता तभी पूर्ण मानी जाएगी जब वह सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जुड़ी हो। जहां तक व्यापारिक हितों की बात है, चेम्बर सदैव व्यापारियों की आवाज़ बनकर सरकार और नीतिगत मंचों तक उनकी बात पहुँचाता रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि राज्य में व्यापारिक माहौल सरल, पारदर्शी और प्रगतिशील बने। हम आने वाले समय में टेक्नोलॉजी, कानून और डिजिटल व्यापार से जुड़ी कार्यशालाओं के माध्यम से व्यापारियों को और सक्षम बनाएंगे।

इस अवसर पर महिला चेंबर का गठन कर डॉ. ईला गुप्ता को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं, प्रदेश के पांचों संभागों के लिए कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए।बैठक में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया, प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल केडिया, प्रदेश मंत्री दीपक पालीवाल, जांजगीर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अकलतरा अध्यक्ष विजय केडिया सहित प्रदेश भर के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## एबीवीटीपीएस से सेवानिवृत्त हुए अधीक्षण अभियंता और दो कर्मचारियों को विदाई

**जांजगीर चांपा ।** अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा से जून माह में अधीक्षण अभियंता विरेंद्र सिंह, मुख्य सुरक्षा सैनिक कन्हैया लाल चंद्रा और वरिष्ठ पर्यवेक्षक कुसवा राम यादव सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी द्विवेदी, एन. लकरा एवं एके. शाह द्वारा उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया गया।


विशिष्ट अतिथियों के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। इसके साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

विरेंद्र सिंह ने विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में 42 वर्ष 7 माह व 8 दिन की लंबी सेवाएं दी हैं। उनकी प्रथम नियुक्ति केटीपीएस कोरबा पूर्व में 24 नवंबर 1982 को टेक्निकल अप्रेंटिस के तौर पर हुई थी।

कन्हैया लाल चंद्रा ने विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में 38 वर्ष 2 माह व 19 दिन की सेवाएं दी हैं। उनकी प्रथम नियुक्ति वितरण केंद्र महासमुंद में 13 अप्रैल 1987 को सुरक्षा सैनिक के पद पर हुई थी। जबकि कुसवा राम यादव ने विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में 40 वर्ष 2 माह की सेवाएं दी हैं। उनकी प्रथम नियुक्ति 30 अप्रैल 1985 को संयंत्र परिचारक श्रेणी-तीन के पद पर कोरबा में हुई थी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा अपने दीर्घ कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कल्याण अधिकारी आरएस. टेकाम द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों का संक्षिप्त जीवन परिचय का उल्लेख किया गया। स्टाफ ऑफिसर अजय साहू ने सेवानिवृत्तों के सम्मान में कविता पाठ किया। कार्यक्रम में रामनारायण राठौर एवं विजय कुमार मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

## नहर में तैरते मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

**पामगढ़।** जांजगीर जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया



झूलन के बड़े नहर पुल के नीचे तड़के सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की नहर में तैरते लाश देखी गई। घटना की जानकारी गांव के सरपंच ने कोटवार के माध्यम से मुलमुला पुलिस को सूचना दी है। फिरहाल लाश की पहचान नहीं नहीं हो पाया । घटना का कारण पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# किसी भी कारण से सड़क के आसपास पंडाल लगाने वालों को प्रशासन से अनुमति लेना जरूरी



**जांजगीर।** अब सड़कों, फुटपाथों पर पंडाल या अस्थायी ढांचे बनाने के लिए नगर पालिकाओं से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसके लिए आवेदक को राजस्व और आपदा, पुलिस, अग्निशमन और बिजली विभाग से एनओसी लेना जरूरी होगा। बिना अनुमति कोई भी पंडाल या ढांचा नहीं बनाया जा सकेगा। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के अवर सचिव अजय तिर्की ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 322 और नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 223 के तहत सड़कों पर अड़चन रोकने के प्रावधान लागू होंगे।

अनुमति के लिए नगरपालिका में आवेदन देना होगा। आवेदन पत्र में ढांचे का पूरा विवरण, निर्माण का स्थान और कितने दिन के लिए ढांचा रहेगा, यह जानकारी देना जरूरी होगा। नगर पालिका परिषद ने इसके लिए 7 बिंदुओं में दिशा-निर्देश तय किए हैं।

अब कोई भी व्यक्ति, संस्था, समिति या संगठन खुले मैदान, सड़क, फुटपाथ, चौराहे या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर बिना अनुमति पंडाल या अस्थायी ढांचा नहीं लगा सकेगा। इसके लिए तय प्रारूप में आवेदन देना होगा। आवेदन के साथ शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा। इसमें आयोजन की तिथि, समय, स्थान, उद्देश्य, नक्शा, सुरक्षा योजना और सफाई व्यवस्था का पूरा विवरण देना जरूरी होगा।

## कलेक्टर ने जानी आमजनों की विभिन्न समस्याएं

**सक्ती।** जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई । जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र लकड़ा और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

## प्रवेशोत्सव में एसपी विजय पांडेय ने कहा, सफलता के लिए कोई शार्टकट नहीं



**जांजगीर चांपा।** गत 07.07.25 को जिला मुख्यालय जांजगीर के शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला जांजगीर में शाला प्रवेशोत्सव प्रतिभा सम्मान एवं पौधारोपण का कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा एवं विशिष्ट अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक कार्यक्रम में शामिल हुए। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित छात्राओं को लगन एवं मेहनत से पढ़ाई कर जीवन में लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उत्साहित किया गया। इसी प्रकार नगर पुलिस अधीक्षक जांजगीर श्रीमती कविता राजपूत ने उपस्थित छात्राओं/शिक्षिकाओं को सुरक्षा संबंधी गाईड लाईन देते हुए गुड-टच बेड टच, बाल विवाह के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति, जिला आयुक्त स्काउट गाइड स्कूल के शिक्षकगण सहित रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी उपस्थित रहे।

## स्कूल का रिजल्ट लेने निकली नाबालिग घर नहीं लौटी

**रायगढ़।** जिले में शादी का झांसा देकर एक युवक नाबालिग को भगा ले गया और रेप की घटना को अंजाम दिया है। किशोरी का दीपक चौहान नाम के युवक से 3 साल से परिचय था। 7 जुलाई को किशोरी स्कूल रिजल्ट लेने के लिए घर से निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी।

मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र का है। परिजनों ने अपनी बेटी को ढूंढा नहीं मिली को थाने पहुंचे। परिजनों को उस युवक पर पहले से संदेह था। परिजनों ने पहले भी उससे से बातचीत करने मना किया था।

## बारिश से कई क्षेत्रों में घुसा पानी

**अकलतरा।** नगर में लगातार हो रही बारिश से वार्ड नंबर 16 इंदिरा उद्यान के पास रहने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से लोगों के घरों में पानी भर गया है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हालात से परेशान होकर वार्ड के निवासियों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा और तत्काल जलनिकासी और नाली निर्माण की मांग की। स्थानीय निवासी ने बताया कि इंदिरा उद्यान के पास वर्षों से एक कच्चा नाला था, जिससे बारिश के पानी की निकासी होती थी। लेकिन कुछ लोगों द्वारा उस नाले को पाट दिए जाने के बाद से पानी की निकासी बंद हो गई है। पूरे मोहल्ले में पानी भर गया है। बारिश थमने के बाद भी पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं है, जिससे दुर्गंध और मच्छरों का खतरा बढ़ गया है। राजू यादव ने बताया कि इंदिरा उद्यान के पास कई कच्चे मकान हैं, जिनमें गरीब परिवार रहते हैं। पानी के जमाव से बच्चों और बुजुर्गों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है।


### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./विद्युत/2025 दिनांक 02.07.2025

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा शासकीय एवं अर्धशासकीय विभागों में कार्यरत निम्नलिखित कार्य से संबंधित अनुभवी निविदाकारों से शेड्यूल अनुसार आयटम दरों पर, निविदा फार्म-बी में ई-प्रोक्यूरमेंट (E-Tendering) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत एस.एस. फ्रेम एण्ड रेट्रो रिफलेक्ट्रोराइज्ड साइनेज बोर्ड प्रदाय एवं स्थापना कार्य। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 12.04 | 23.07.2025 (T.No.171420) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)



### न्यायालय तहसीलदार दर्री जिला- कोरबा (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.202506050400033
श्रेणी-अ-21/2024-25
ग्राम- लाटा, प.ह.नं.-26
तहसील-दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स सृजन बिल्डर्स भागीदार श्री अशोक अग्रवाल पिता रसीक बिहारी अग्रवाल निवासी सर्वमंगला भवन निहारिका कोरबा जिला-कोरबा ने ग्राम लाटा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 1/1, 1/3, 1/2, 3/3, 5/4, 5/2 रकबा 2.89 एकड़ भूमि के अंशभाग रकबा 1000 वर्गफीट भूमि भूखण्ड क्रमांक-35 को प्रस्तावित क्रेता श्री सुरेन्द्र मोहन कर्ष पिता शिव कुमार कर्ष निवासी केतु विहार सीएसईबी कॉलोनी एचटीपीएस कोरबा पश्चिम जिला-कोरबा छ.ग. के पास विक्रय किये जाने आवेदन छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 165(6क) के तहत प्रस्तुत किया है जो कि जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.07.25 के पूर्व स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से जो कुछ भी हो प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथी उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
दर्री (छ.ग.)



### न्यायालय तहसीलदार दर्री जिला- कोरबा (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.202506050400032
श्रेणी-अ-21/2024-25
ग्राम- लाटा, प.ह.नं.-26
तहसील-दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स सृजन बिल्डर्स भागीदार श्री अशोक अग्रवाल पिता रसीक बिहारी अग्रवाल निवासी सर्वमंगला भवन निहारिका कोरबा जिला-कोरबा ने ग्राम लाटा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 1/1, 1/3, 1/2, 3/3, 5/4, 5/2 रकबा 2.89 एकड़ भूमि के अंशभाग रकबा 2595 वर्गफीट भूमि भूखण्ड क्रमांक-15 को प्रस्तावित क्रेता श्रीमति सभ्या श्रीवास पति तिरिथ राम श्रीवास निवासी वार्ड नंबर 02 महामाया ग्राम नगपुरा के पास तहसील-बिल्हा सिरगिट्टी जिला-बिलासपुर छ.ग. के पास विक्रय किये जाने आवेदन छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 165(6क) के तहत प्रस्तुत किया है जो कि जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.07.25 के पूर्व स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से जो कुछ भी हो प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथी उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
दर्री (छ.ग.)



### न्यायालय तहसीलदार दर्री जिला- कोरबा (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.202506050400046
श्रेणी-अ-21/2024-25
ग्राम- लाटा, प.ह.नं.-26
तहसील-दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स सृजन बिल्डर्स भागीदार श्री अशोक अग्रवाल पिता रसीक बिहारी अग्रवाल निवासी सर्वमंगला भवन निहारिका कोरबा जिला-कोरबा ने ग्राम लाटा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 1/1, 1/3, 1/2, 3/3, 5/4, 5/2 रकबा 2.89 एकड़ भूमि के अंशभाग रकबा 720 वर्गफीट भूमि भूखण्ड क्रमांक-13 को प्रस्तावित क्रेता श्री शंकर भारती पिता पूरन भारती निवासी पुष्प पल्लव कॉलोनी लाटा के पास विक्रय किये जाने आवेदन छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 165(6क) के तहत प्रस्तुत किया है जो कि जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.07.25 के पूर्व स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से जो कुछ भी हो प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथी उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
दर्री (छ.ग.)



### न्यायालय तहसीलदार दर्री जिला- कोरबा (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.202506050400045
श्रेणी-अ-21/2024-25
ग्राम- लाटा, प.ह.नं.-26
तहसील-दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स सृजन बिल्डर्स भागीदार श्री अशोक अग्रवाल पिता रसीक बिहारी अग्रवाल निवासी सर्वमंगला भवन निहारिका कोरबा जिला-कोरबा ने ग्राम लाटा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 1/1, 1/3, 1/2, 3/3, 5/4, 5/2 रकबा 2.89 एकड़ भूमि के अंशभाग रकबा 787 वर्गफीट भूमि भूखण्ड क्रमांक-07 को प्रस्तावित क्रेता श्री केशव दास महंत पिता प्रेमदास महंत निवासी वार्ड नंबर 19 बाबू लाईन चिरमिरी कोरिया छ.ग. के पास विक्रय किये जाने आवेदन छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 165(6क) के तहत प्रस्तुत किया है जो कि जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.07.25 के पूर्व स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से जो कुछ भी हो प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथी उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
दर्री (छ.ग.)



### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम खोखसा प.ह.न 11 रा.नि.म. बिरगहनी (च) तहसील जांजगीर में खसरा नं 345/1 रकबा 0.06 एकड़ प.ह.नं 15 रा.नि.म. बिरगहनी (च) तहसील जांजगीर जिला जाँजगीर-चाम्पा में है, जो भूमिस्वामी/विक्रेता शिवकुमार यादव उम्र 47 साल पिता शंकर लाल यादव निवासी जांजगीर, तहसील जांजगीर जिला जांजगीर -चाम्पा के स्वामित्य, आधिपत्य व कब्जे की भूमि हैं। जिसे मेरे पक्षकार तिरपति राठौर पति ईश्वर प्रसाद राठौर पिता स्व.लक्ष्मी प्रसाद राठौर निवासी वार्ड नं 20 पुराना हास्पिटल के पास जांजगीर, तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर अग्रिम बयाना राशि दे चुका है तथा निकट भविष्य में इस भूमि का विधिवत् उप पंजीयक कार्यालय जांजगीर में पंजीयन निष्पादित होना तय है। इस भूमि के खरीदी, बिक्री बाबत् किसी भी व्यक्ति को या राष्ट्रीयकृत बैंको व वित्तीय संस्थानो या ग्राम पंचायत को या राजस्व विभाग अथवा किसी भी शासकीय,अर्द्धशासकीय विभागों को एवं अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई भी प्रकार का दावा, आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर समस्त कागजात सहित दावा, आपत्ति मेरे कार्यालय में कर सकते है उसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई भी दावा,आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं क्रेता भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा। सो सूचना जानें।

संदीप मिश्रा
अधिवक्ता जांजगीर

शिव कुमार
गणेश यादव

## अनमोल वचन......

**सिर्फ सोच का ही फर्क है वरना समस्याएँ आपको कमजोर नहीं मजबूत बनाती है..!**

## मतदाता सूचियों की अद्यतन जरूरी

*निर्वाचन आयोग छह राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद की तैयारी में है। तर्क है कि मतदाता सूची कई कारणों से बदलती रहती हैं। इसलिए इनका अद्यतन होना जरूरी है। विपक्षी दलों को इसमें बड़ी संख्या में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किए जाने की आशंका हो रही है। आयोग ने कहा कि वोटर सूची बदलाव मतदाताओं की मौत, प्रवासन, लोगों के स्थानांतरण और 18 वर्ष के नये मतदाताओं के जुड़ने के कारण होता है।*

*संविधान का अनुच्छेद 326 निर्वाचक बनने के लिए पात्रता निर्दिष्ट करता है। केवल 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय नागरिक और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निवासी ही निर्वाचक के रूप में पंजीकृत होने के पात्र हैं। आयोग का कहना है कि उसने बिहार की 2003 की मतदाता सूची अपलोड कर दी है। इसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं का विवरण शामिल है। 2003 की सूची में शामिल लोग अपना गणना फार्म जमा करते समय साक्ष्य के रूप में इसका उपयोग कर सकते हैं।*

*अब कुल मतदाताओं में से लगभग 60 प्रतिशत को कोई दस्तावेज जमा नहीं करना होगा। उन्हें 2003 की मतदाता सूची से अपना विवरण सत्यापित करना होगा। तर्क है कि चुनाव से पहले जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 25 के अनुसार मतदाता सूची में संशोधन अनिवार्य है। इस कवायद से विपक्षी दलों में खलबली है। ये दल इसे अपने समर्थक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाने की कवायद के रूप में देख रहे हैं।*

*टीएमसी को तो लगता है कि यह केंद्र सरकार की विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए गुपचुप तरीके से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) लाने की कुटिल चाल है। बिहार में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने इस पुनरीक्षण का कड़ा विरोध करने का फैसला किया है। उसने इसे विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन की मदद का प्रयास बताया है। राजद नेता तेजस्वी यादव का तर्क है कि आयोग पुनरीक्षण को लेकर इतना ही गंभीर था तो उसे लोक सभा चुनाव के तुरंत बाद इसे करना चाहिए था। मतदाताओं से ऐसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, जो बहुत कम लोगों के पास ही हो सकते हैं। इसका शिकार दलित, मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग के लोग हो सकते हैं। हाल के समय में विपक्ष के सवालों पर चुनाव आयोग की चुप्पी ने विपक्ष के कान खड़े कर दिए हैं।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे और पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज आप धैर्य और समझदारी बनाएं रखें।

**वृष राशिः** आज आपका बढ़ा हुआ मनोबल किसी जरूरी काम में आपको सफलता दिलाएगा और आपका दिन बेहतर रहेगा। माता-पिता के सहयोग से कारोबार के क्षेत्र में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति स्ट्रांग रहेगी। आज आपको कुछ मनोरंजक कार्य करने का मौका मिल सकता है। बच्चे आपके साथ कोई गेम खेलने की जिद कर सकते हैं।

**मिथुन राशिः** आज कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे और आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्तों की मजबूती बरकरार रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। बिजनेस में नई परियोजनाओं को लागू करने से आपको फायदा हो सकता है। माता-पिता की सेहत में सुधार होगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। बिजनेसमैन आज अपने व्यापारिक फायदे के लिए कुछ बड़े बदलाव कर सकते हैं, जो आने वाले समय में बढ़िया लाभ कराएगें।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और आपको कारोबार में धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपको काफी फायदा दिलायेगा। आज आपकी क्रिएटिविटी से लोग प्रभावित होंगे।

**तुला राशिः** आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं। कारोबार में आपको शुभ समाचार मिल सकता है। आज आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान भी बना सकते हैं, रिश्ते बेहतर बने रहेंगे। आज आपको अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर बनाये रखना चाहिए।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। संतान की ओर से आज आपको खुशखबरी मिल सकती है। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। दफ्तर में कोई उलझा हुआ मामला आज सुलझ सकता है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए दिन शुभ होने वाला है। किसी काम को पूरा करने के लिए आज आप कड़ी मेहनत करेंगे। आज आप घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं और काम - काज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। आज अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा साथ ही धैर्य और विनम्रता रखें।

**मकर राशिः** आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा भी आपको बढ़िया मिलेगा। नए काम के लिए किसी से सलाह भी ले सकते हैं। नए इनकम सोर्स भी मिल सकते हैं। आज आपकी कामकाज के प्रति रुचि और बढ़ सकती है। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आप खुश होंगे।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम होने वाला है। आज आपके धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज अपनों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा हो सकता है। आज आप जरूरी काम और संबंधों के बारे में विचार करेंगे और नयी योजना बनाएंगे। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। आज जॉब सम्बन्धी परेशानी खत्म होने के योग हैं।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही रुकावटों का रास्ता आज आप ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगायेंगे। आप किसी सामाजिक काम में हाथ बंटा सकते हैं। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा , बच्चों के लिए आज का दिन बढ़िया है।

# गुरु पूर्णिमाः मानवता को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने वाला पर्व

//अर्जुन राम मेघवाल//

**भारत की सांस्कृतिक विरासत हमें मानवीय मूल्यों से परिचित कराती है तथा ज्ञान और शाश्वत शिक्षा प्रदान करती है। इसका विविध एवं सर्वव्यापी स्वरूप सामूहिक चेतना को जागृत करता है जिसकी अभिव्यक्ति भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न त्यौहारों के रूप में होती है। ये त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं हैं बल्कि ये हमारी प्रकृति के साथ जुड़ाव तथा वैज्ञानिक सोच एवं आध्यात्मिक चिंतन से जुड़े हैं। गुरु पूर्णिमा एक ऐसा ही विशेष अवसर है जो हमें इतिहास में घटित घटनाओं के बारे में रूककर विचार करने और उन्हें समझने का अवसर प्रदान करता है। यह हमें यह जानने के लिए प्रोत्साहित करता है कि विगत की परिस्थितियों में अब क्या बदलाव आया है, किन बातों को हम अभी भी अपनाए हुए हैं और हमने अपने पीछे क्या कुछ छोड़ दिया है।**

हमने व्यक्ति के रूप में कितनी और सामूहिक रूप में कितनी उपलब्धियां हासिल की हैं। अपनाने और छोड़ने के इस दौर में हमारा साथ किन लोगों ने सबसे अधिक दिया। जीवन के उथल-पुथल एवं दुख से भरे समय में जबकि हमारा काफी अधिक पतन हो सकता था वैसे अस्थिर समय में किसने हमारा साथ दिया। ये सभी ऐसे प्रश्न हैं जिनके समाधान के लिए हमें गुरु या एक पथ-प्रदर्शक शक्ति की सर्वाधिक अहम भूमिका होती है चाहे वह कोई व्यक्ति हो, सिद्धांत हो या हमारे अंतर्मन की शक्ति हो जो हमारी जीवन यात्रा के दौरान सर्वाधिक शक्तिशाली मित्र के रूप में हमारा साथ निभाती है। समय की कसौटी पर खरे उतरे वे कौन से सिद्धांत हैं, जो हमें जीवन के पथ पर एक संतुलित यात्री बने रहने में सफल बनाते हैं। हमारे जीवन की इन सभी विविध परिस्थितियों के बीच प्रायः अदृश्य अथवा दृश्य, मूर्त या अमूर्त ऐसी शक्तियां होती हैं चाहे वो किसी पथ-प्रदर्शक का हाथ हो या कोई दिव्य विचार हो, मां का सानिध्य हो, शिक्षक के ज्ञान भरे शब्द हों या किसी मित्र का साथ हो जो हमारा पथ-प्रदर्शक बन जाता है। अतः गुरु पूर्णिमा ऐसे सभी शक्तियों को चाहे वह दृश्य हों अथवा अदृश्य, जो हमारा मार्गदर्शन करती हों, हमें सही रूप में ढालती हों और हमारे जीवन में उन्नति के पथ पर हमारा साथ देती हों, सभी को सम्मानित करने का एक पवित्र अवसर है।

गुरु पूर्णिमा का त्योहार व्यक्ति के जीवन और उसके सामाजिक मूल्यों को एक सही रूप में ढालने में गुरु की भूमिका को सम्मानित करने की एक शाश्वत परंपरा है। आसाढ़ मास की पूर्णिमा के इस दिन का गहरा आध्यात्मिक, ऐतिहासिक तथा सामयिक महत्व है क्योंकि इसी दिन आदिगुरु भगवान शिव ने सप्तऋषियों को योग का ज्ञान प्रदान किया था। इसी दिन महर्षि वेदव्यास की जन्म जयंती भी मनाई जाती है। इसके साथ ही, पूर्णिमा के दिन से चतुर्मास आरंभ होते हैं जो मानसून के दौरान के पवित्र चार महीने हैं जबकि साधु-संत किसी एक ही स्थान पर रहकर अपने शिष्यों को ज्ञान देते हैं। आसाढ़ मास की पूर्णिमा के बारे में ऐसा कहा जाता है कि इस दिन चांद के शीतल प्रकाश की ऊर्जा हमारे आंतरिक मन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करती है। गुरु पूर्णिमा का यह त्योहार हमें उन लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है जिन्होंने हमारे मन में ज्ञान की ज्योति जगाई है।

संस्कृत शब्द गुरु दो शब्दों गु (अंधकार) और रु (हटाना) का संयोजन है जिसका अर्थ होता है एक ऐसा व्यक्ति जो हमारे मन से अंधकार अर्थात अज्ञानता को दूर करता हो। प्राचीन वैदिक परंपरा में गुरु शिष्य परंपरा शिक्षा का आधार थी। गुरुकुल में शिक्षार्थियों को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करके उन्हें विचारशील बनाया जाता था तथा नैतिकता का पाठ पढ़ाकर उनकी नैतिक दुविधाओं का समाधान किया जाता था। गुरुकुल में शिक्षा की यह प्रक्रिया शिक्षार्थियों को कर्म के माध्यम से मूल्य आधारित जीवन जीने व चरित्र निर्माण करने के लिए निरंतर प्रेरित करने की प्रक्रिया थी। गुरु के महत्व और महानता को केवल शब्दों से व्यक्त नहीं किया जा सकता। गुरु मात्र एक शिक्षक ही नहीं होते बल्कि उनकी उपस्थिति ही एक ऐसी जीवंत शक्ति, एक ऐसी अनुभूति होती है जो शक्ति, मार्गदर्शन और प्रेरणा का एक निरंतर स्रोत होती है। जिस प्रकार पूर्णिमा संपूर्णता, शुद्धता और प्रकाश का प्रतीक है ठीक उसी प्रकार गुरु में भी वैसी ही महानता होती है और गुरु भी ज्ञान से संपूर्ण, निष्कपट और मन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के स्रोत होते हैं।

प्रसिद्ध संत कबीर ने गुरु की तुलना कुम्हार से और शिष्य की तुलना मिट्टी के कच्चे बर्तन से करते हुए कहा है कि,

गुरु कुम्हार है, शिष्य कुंभ है, गढ़ि-गढ़ि काढ़ै खोट। अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट॥

इसका अर्थ हैः गुरु कुम्हार है और शिष्य मिट्टी का घड़ा है। जिस प्रकार कुम्हार घड़े को भीतर से हाथ का सहारा देकर और बाहर से चोट मारकर गढ़ता है, उसी प्रकार गुरु भी शिष्य को भीतर से प्रेम, करुणा और ज्ञान का सहारा देकर और बाहर से डांट-फटकार लगाकर उसकी बुराइयों को दूर करता है और उसे अनुशासित व परिष्कृत करता है।

गुरु एक छिपे हुए और कभी भी खत्म न होने वाले ज्ञान का भंडार है - उनके आशीर्वाद मौन होते हुए भी जीवन में आमूल बदलाव लाने वाले होते हैं और शिष्य के मन में सच्चाई और अच्छाई से जुड़े मूल्यों से युक्त ज्ञान व बुद्धिमत्ता भरते हैं। रामायण काल में विश्वामित्र और भगवान राम के बीच तथा भक्तिकाल में गुरु रविदास और मीरा बाई, रामानंद और कबीर, गुरु नानक देव जी और उनके बाद हुए गुरुओं के बीच का संबंध- सभी भारतीय सभ्यता में आध्यात्मिक और बौद्धिक आदान-प्रदान की अमिट विरासत के उदाहरण हैं। इन पवित्र बंधनों ने समाज को एक नैतिक ढांचा प्रदान किया और इसके आंतरिक विकास को बढ़ावा दिया। आधुनिक युग में, देश के लोगों के मन में राष्ट्रवाद की अलख जगाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज तथा समाज को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने में समर्थ गुरु रामदास, स्वामी विरजानंद सरस्वती और स्वामी दयानंद सरस्वती का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। इसी गुरु परंपरा में स्वामी रामकृष्ण परमहंस भी हुए हैं जिनकी शिक्षा ने स्वामी विवेकानंद को एक आध्यात्मिक महापुरुष बनाया, जिन्होंने बाद में भारतीय दर्शन को पाश्चात्य देशों तक पहुँचाया। इसी प्रकार, महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, श्री युक्तेश्वर और परमहंस योगानंद जैसे महापुरुषों द्वारा दिए गए ज्ञान की ज्योति दुनिया भर के साधकों का मार्गदर्शन करती रहेगी और उन्हें अपने मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उनके द्वारा दिए गए ज्ञान ने विश्व-बंधुत्व की भावना को बढ़ाया है और लोगों को ज्ञान की दिव्य दृष्टि प्रदान की है। विश्व के सभी देशों में देवत्व के प्रति निष्ठा, समर्पण और व्यक्तिगत संबंध को अभिव्यक्त करने की परंपरा देखी जाती है। पश्चिमी देशों में ईश्वर की प्रार्थना के दौरान 'ओ माई मास्टर' शब्द का प्रयोग किया जाता है जो ईश्वर के साथ गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव का सूचक है।

प्रथम गुरु के रूप में मां शिशु को इस नए विश्व से परिचित कराती है और जीवन में पहला कदम उठाना सिखाती है। अगर दूसरे नजरिये से देखा जाए तो हमारी पांचों ज्ञानेन्द्रियां- कान, त्वचा, नेत्र, जिह्वा और नाक - बाहरी दुनिया से संवेदी सूचनाएं प्राप्त करती हैं, पांचों कर्मेन्द्रियां- हाथ, पांव, वाणी, गुदा, जननांग- शारीरिक क्रियाएं करती हैं तथा अंतःकरण की चारों वृत्तियां - मन, बुद्धि, अहंकार और चित्त हमारे विचारों, भावनाओं और क्रियाओं को प्रभावित करती हैं। यदि संक्षेप में कहा जाए तो, हमारी ज्ञानेंद्रियां प्रत्यक्ष जगत से प्राप्त जानकारियों को एकत्र करती हैं, मन उन्हें समझता है, बुद्धि निर्णय लेती है, अहंकार अनुभव को वैयक्तिक बनाता है, कर्मेंद्रियाँ क्रिया संपन्न करती हैं और चित्त उसे स्मृति के रूप में दर्ज करता है। गुरु ज्ञान के जिज्ञासुओं को ज्ञान प्रदान करता है जबकि सद्गुरु अपने शिष्यों में बुद्धिमत्ता का संचार करता है। उनके मार्गदर्शन से ही इन सभी अदृश्य आंतरिक जटिलताओं के बीच हमारे मन में सद्गुणों का संचार होता है।सभी सद्गुणों से युक्त व्यक्ति एक पुष्ट फलों से युक्त फलते-फूलते वृक्ष के समान है जिसकी मज़बूत जड़ों को गुरु के ज्ञान, परिवार के सहयोग और समग्र समाज के मूल्यों से सींचा गया हो। व्यक्ति के कर्म इन आंतरिक मूल्यों की केवल अभिव्यक्ति हैं। पूर्णिमा का विशेष अवसर इन सभी तथ्यों पर आत्मनिरीक्षण का अवसर प्रदान करता है। यह मात्र एक खगोलीय घटना नहीं है, यह एक आध्यात्मिक दर्पण है, एक सांस्कृतिक समारोह है, एक वैज्ञानिक घटना है, तथा जीवन में नवीनता लाने, चिंतन करने तथा कृतज्ञता व्यक्त करने का एक गहन प्रतीकात्मक अवसर है। इसका महत्व धर्म, ज्ञान की विभिन्न शाखाओं और सदियों तक विस्तीर्ण है तथा हमें हमारे अंतःकरण में स्थित प्रकृति की लय और चक्र की याद दिलाता है। पूर्णिमा संपूर्णता और ज्ञानोदय का प्रतीक है- एक ऐसा समय है जबकि हम अपने स्वत्व की खोज सर्वाधिक स्पष्ट रूप में कर सकते हैं, ठीक उसी प्रकार जैसे चंद्रमा सूर्य के प्रकाश को पूरी तरह से परावर्तित करता है। योगी और संत प्रायः पूर्णिमा को गहन ध्यान, जप, उपवास और दिव्य ऊर्जा से जुड़ने के लिए एक आदर्श समय मानते हैं।

गुरु पूर्णिमा सीखने, ज्ञान अर्जन करने और कृतज्ञता व्यक्त करने का त्योहार है। सूचना की भरमार, भ्रम, तुलना और प्रतिस्पर्धा के इस युग में एक सच्चे गुरु की हमारे जीवन में उपस्थिति काफी महत्वपूर्ण है चाहे वह आध्यात्मिक गुरु हों अथवा कोई प्रशिक्षक, शिक्षा प्रदाता, माता-पिता या डिजिटल मार्गदर्शक क्यों न हों। उनकी उपस्थिति धर्म एवं धार्मिक अनुष्ठानों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। 21वीं सदी के अनिश्चितता से भरे दौर में जबकि भू-राजनीतिक तनाव लगातार बढ़ रहे हैं, आतंकवाद, उग्रवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर युद्ध और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ युवाओं को परेशान कर रही हैं, गुरुओं और संतों की ज्ञान परंपरा का उत्सव गुरु पूर्णिमा पूरी दुनिया के लिए अत्यधिक प्रासंगिक है। आज के युग में लोगों द्वारा नैतिकता पर बिलकुल विचार नहीं करने एवं गलत और सही कार्यों के बीच अंतर नहीं कर पाने के कारण लोगों के सामने ढेर सारी चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं तथा सामाजिक ताना-बाना बिखर रहा है। ऐसे में गुरु की उपस्थिति मात्र से ही लोगों को गलत रास्ते पर जाने से रोका जा सकता है। आज हम जैसे-जैसे डिजिटल युग की ओर बढ़ रहे हैं, गुरु पूर्णिमा का शाश्वत संदेश हमें ज्ञान प्राप्त करने, अपने मन की शक्ति से मार्गदर्शन प्राप्त करने, अपने गुरु और मार्गदर्शक का सम्मान करने तथा दूसरों के लिए ज्ञान का स्रोत बनने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह समाज में मानव मूल्यों को पोषित एवं सृजित करने का एक माध्यम सिद्ध होगा।

# राष्ट्र को बचाना हो तो राष्ट्र भाषा से बचना पड़ेगा

//विनीत नारायण//

**मलाही भाषा येत नाही। भाषा संवाद के लिए होती है, झगड़े उपद्रव के लिए नहीं। झगड़े उपद्रव के लिए लट्ठबाजी, गोलीबारी होती है। गले लगा लो तो बिना भाषा के भी संवाद हो जाता है। राष्ट्र में महाराष्ट्र का होना गौरव और गरिमा की बात है। महाराष्ट्र की उत्कृष्ट सभ्यता संस्कृति है। इसे क्षुद्र स्तर पर न ले आने के लिए हम सजग सावधान रहें तो इसकी सभ्यता-संस्कृति पूरे विश्व में जगमगाती रहेगी। मराठी-गुजराती-हिन्दी-अंग्रेजी की यहां सब नदियां एक ही महासागर से जुडी हैं। इसलिए यहां संकीर्णता नहीं, उदारता ही प्रवाहमान होती है। सभ्यता-संस्कृति का दीप-स्तंभ बनती है। यह कहना है स्वामी चैतन्य कीर्ति का।**

इस विषय में ओशो क्या कहते हैं : 'एक मित्र ने पूछा है कि क्या भारत में कोई राष्ट्र भाषा होनी चाहिए। यदि हां, तो कौन सी। राष्ट्र भाषा का सवाल ही भारत में बुनियादी रूप से गलत है। भारत में इतनी भाषाएं हैं कि राष्ट्र भाषा सिर्फ लादी जा सकती है, और जिन भाषाओं पर लादी जाएगी उनके साथ अन्याय होगा। भारत में राष्ट्र भाषा की कोई भी जरूरत नहीं है। भारत में बहुत-सी राष्ट्रभाषाएं ही होंगी और आज कोई कठिनाई भी नहीं है कि राष्ट्र भाषा जरूरी हो। रूस बिना राष्ट्र भाषा के काम चलाता है, तो हम क्यों नहीं चला सकते। आज तो यांत्रिक व्यवस्था हो सकती है संसद में, बहुत थोड़े खर्च से, जिसके द्वारा एक भाषा सभी भाषाओं में अनुवादित हो जाए, लेकिन राष्ट्र भाषा का मोह बहुत महंगा पड़ रहा है।

भारत की प्रत्येक भाषा राष्ट्र भाषा होने में समर्थ है। इसलिए कोई भी भाषा अपना अधिकार छोड़ने को राजी नहीं होगी, होना भी नहीं चाहिए।

लेकिन यदि हमने जबरदस्ती किसी भाषा को राष्ट्र भाषा बना कर थोपने की कोशिश की तो देश खंड-खंड हो जाएगा। आज देश के बीच विभाजन के जो बुनियादी कारण हैं, उनमें भाषा एक है। राष्ट्र भाषा बनाने का खयाल ही राष्ट्र को खंड-खंड में तोड़ने का कारण बनेगा। अगर राष्ट्र को बचाना हो तो राष्ट्र भाषा से बचना पड़ेगा और अगर राष्ट्र को मिटाना हो तो राष्ट्र भाषा की बात आगे भी जारी रखी जा सकती है। मेरी दृष्टि में भारत में जितनी भाषाएं बोली जाती हैं, सब राष्ट्र भाषाएं हैं, उनको समान आदर उपलब्ध होना चाहिए। किसी एक भाषा का साम्राज्य दूसरी भाषा पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वह भाषा चाहे हिन्दी हो और चाहे कोई और हो।कोई कारण नहीं है कि तमिल, तेलुगू, बंगाली या गुजराती को हिन्दी दबाए। लेकिन गांधी जी के कारण जो कुछ बीमारियां इस देश में छूटीं, उनमें एक बीमारी हिन्दी को राष्ट्र भाषा का वहम देने की भी है। हिन्दी को यह अहंकार गांधी जी दे गए कि वह राष्ट्र भाषा है तो हिन्दी प्रांत उस अहंकार से परेशान हैं, और वे अपनी भाषा को पूरे देश पर थोपने की कोशिश में लगे हुए हैं। हिन्दी का साम्राज्य भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, तो किसी भाषा का नहीं किया जा सकता। सिर्फ संसद में हमें यांत्रिक व्यवस्था करनी चाहिए कि सारी भाषाएं अनुवादित हो सकें। और वैसे भी संसद कोई काम तो कोई करती नहीं है कि कोई अड़चन हो जाएगी। सालों तक एक-एक बात पर चर्चा चलती है, थोड़ी देर और चल लेगी तो कोई फर्क नहीं होने वाला है। संसद कुछ करती हो तो भी विचार होता कि कहीं कार्य में बाधा न पड़ जाए। कार्य में कोई बाधा पड़ने वाली नहीं मालूम होती। फिर मेरी दृष्टि यह भी है कि यदि हम राष्ट्र भाषा को थोपने का उपाय न करें तो शायद बीस- पच्चीस वर्षों में कोई एक भाषा विकसित हो और धीरे-धीरे राष्ट्र के प्राणों को घेर ले। वह भाषा हिन्दी नहीं होगी, वह भाषा हिन्दुस्तानी होगी। उसमें तमिल के शब्द भी होंगे, तेलुगू के भी, अंग्रेजी के भी, गुजराती के भी, मराठी के भी। वह एक मिश्रित नई भाषा होगी जो धीरे-धीरे भारत के जीवन में से विकसित हो जाएगी। लेकिन, अगर कोई शुद्धतावादी चाहता हो कि शुद्ध हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाना है, तो यह सब पागलपन की बात है। इससे कुछ हित नहीं हो सकता।' यह तो थी ओशो की सोच। महाराष्ट्र, एक ऐसा राज्य है जो अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और मराठी भाषा के लिए जाना जाता है, आज भाषा विवाद के कारण चर्चा में है। मराठी, जो इस राज्य की आत्मा है, न केवल एक भाषा है, बल्कि महाराष्ट्र की पहचान, इतिहास और गौरव का प्रतीक भी है। हाल के वर्षों में मराठी भाषा के उपयोग और सम्मान को लेकर कई विवाद सामने आए हैं, जो सामाजिक-राजनीतिक स्तर पर तनाव का कारण बन रहे हैं। महाराष्ट्र में मराठी को प्राथमिकता देने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। विशेष रूप से मुंबई जैसे महानगरों में, जहां विविधता अपनी चरम सीमा पर है, मराठी भाषा को कई बार उपेक्षित महसूस किया जाता है।

गैर-मराठी भाषी समुदायों की उपस्थिति और वैंकरण के प्रभाव ने मराठी के उपयोग को कुछ हद तक सीमित किया है। यह स्थिति स्थानीय लोगों में असंतोष को जन्म देती है, जो अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, साहित्य और परंपराओं की वाहक भी है। मराठी साहित्य में संत ज्ञानेर से लेकर आधुनिक लेखकों तक का योगदान शामिल है, जो विश्व स्तर पर अपनी गहराई के लिए जाना जाता है। फिर भी, सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर मराठी के उपयोग में कमी देखी जा रही है। यह स्थिति मराठी भाषी समुदाय के लिए चिंता का विषय है। राज्य सरकार ने मराठी को अनिवार्य करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं, जैसे स्कूलों में मराठी पढ़ाई को बढ़ावा देना और सरकारी कार्य में इसका उपयोग सुनिश्चित करना। लेकिन इन प्रयासों को और प्रभावी करने की आवश्यकता है। साथ ही, मराठी के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक जागरूकता भी जरूरी है। गैर-मराठी भाषी लोगों को भी मराठी सीखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि सामाजिक एकता मजबूत हो। मराठी भाषा या देश की अन्य भाषा का संरक्षण केवल एक राज्य की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हमारी साझा सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है।

## तस्वीरों की दुनिया



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नामीबिया के विंडहोक पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के साथ, हिमाचल प्रदेश के मंडी में नाचन विधानसभा क्षेत्र के सैंज पंगलियूर-बागा क्षेत्र में एक आपदा प्रभावित परिवार से मिले।



केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, भाजपा सांसद सतीश चंद्र दुबे के साथ, नई दिल्ली के जनपथ में जिला खनिज फाउंडेशन प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए।



दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, राजद नेता तेजस्वी यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, भाकपा महासचिव डी. राजा और अन्य भारतीय गठबंधन के नेता पटना में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ बुलाए गए बिहार बंद के दौरान विरोध प्रदर्शन में भाग लेते हुए।



रांची में ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान कोयला श्रमिकों ने सीसीएल के दरभंगा हाउस के सामने विरोध रैली निकाली।

# जिन के पास कुछ नहीं, उनके पास संविधान की गारंटी पीएम मोदी ने नामीबिया की संसद को किया संबोधित



विंडहोक, 10 जुलाई [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नामीबिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान समानता, स्वतंत्रता और न्याय को बनाए रखने में मार्गदर्शन करता है। जिनके पास कुछ नहीं है, उनके पास संविधान की गारंटी है।उन्होंने कुछ महीने पूर्व पहली महिला राष्ट्रपति चुनने के लिए नामीबिया को बधाई दी। साथ ही कहा कि हम आपके गर्व और खुशी को समझते और साझा करते हैं क्योंकि भारत में हम भी गर्व से मैडम प्रेसिडेंट कहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जब संयुक्त सत्र में अपना संबोधन शुरू किया तो सांसदों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस दौरान मोदी-मोदी के नारे भी लगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के संविधान की ही शक्ति है कि एक गरीब आदिवासी परिवार की बेटी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की राष्ट्रपति है। इसी संविधान की शक्ति ने उन जैसे गरीब परिवार में जन्मे व्यक्ति को तीन बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, लोकतंत्र के मंदिर इस गरिमामय सदन को संबोधित करना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है।

मुझे यह सम्मान देने के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं आपके समक्ष लोकतंत्र की जननी के प्रतिनिधि के रूप में खड़ा हूं और अपने साथ भारत के 1.4 अरब लोगों की शुभकामनाएं लेकर आया हूं। भारत और नामीबिया में बहुत कुछ समान है। हम दोनों ने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष किया है। हम दोनों ही सम्मान और स्वतंत्रता को महत्व देते हैं। हम ग्लोबल साउथ का हिस्सा हैं और हमारे लोगों की आशा व सपने समान हैं। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच मित्रता के प्रतीक के रूप में नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार प्राप्त करके वह अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारी मित्रता समय की कसौटी पर खरी उतरी है। मोदी ने कहा कि अफ्रीका केवल कच्चे माल का स्त्रोत नहीं होना चाहिए। अफ्रीका को वेल्यु क्रिएशन और सतत विकास में अग्रणी होना चाहिए।उन्होंने कहा, हमें मिलकर काम करना होगा। हम एक ऐसा भविष्य बनाएं जो शक्ति से नहीं, बल्कि साझेदारी से, प्रभुत्व से नहीं, बल्कि संवाद से, बहिष्कार से नहीं, बल्कि समानता से परिभाषित हो। उन्होंने कहा कि भारत रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में अफ्रीका के साथ सहयोग का विस्तार करने के लिए तैयार है।

भारत को नामीबिया और इस महाद्वीप के अन्य देशों के साथ अपने विकास के अनुभव साझा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, 2018 में मैंने अफ्रीका के साथ जुड़ाव के 10 सिद्धांत निर्धारित किए थे। मैं उनके प्रति भारत की पूर्ण प्रतिबद्धता की पुष्टि करता हूं। ये सिद्धांत सम्मान, समानता और पारस्परिक लाभ पर आधारित हैं। हम प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग करना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य मिलकर निर्माण करना है। लेना नहीं, बल्कि साथ मिलकर बढ़ना है। पीएम मोदी ने कहा, अफ्रीका में हमारी विकास साझेदारी 12 अरब डालर से ज्यादा की है। लेकिन इसका असली मूल्य साझा विकास और साझा उद्देश्य में है। हम स्थानीय कौशल का निर्माण, स्थानीय रोजगार का सृजन और स्थानीय नवाचारों को मदद जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत नामीबिया के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देता है। उन्होंने कहा, भारत और नामीबिया के बीच सहयोग, संरक्षण और करुणा की एक सशक्त कहानी है, जब आपने हमारे देश में चीतों को फिर से बसाने में हमारी मदद की। हम आपके इस उपहार के लिए तहे दिल से आभारी हैं।

# नदी में डूबे वाहन पर बैठी महिला ने लगाई मार्मिक पुकार- मेरे बच्चे व पति डूब रहे हैं, उन्हें बचाओ



वडोदरा, 10 जुलाई [एजेंसी]।

गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर हुए पुल हादसे के बाद का एक मार्मिक वीडियो सामने आया है। इसमें पुल ढहने के बाद बीच नदी में गिरे वाहनों में से एक के ऊपर बैठी महिला अपने दो बच्चों और पति को बचाने की गुहार लगाती दिख रही है। हालांकि जब तक बचावकर्मी मौके पर पहुंचे, तब तक बहुत देरी हो चुकी थी। महिला का पति और बच्चे डूब चुके थे।बचावकर्मियों ने उनके शव ही निकाले। इस दिल दहला देने वाले दृश्य का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है। इसमें 35 वर्षीय सोनलबेन पढियार एक डूबे हुए वाहन पर बैठी दिखाई दे रही है, उसका शरीर खुद आंशिक रूप से पानी में डूबा हुआ है। वह रोते हुए घटनास्थल के पास जमा लोगों से मदद मांग रही है। वह गुजराती में बदहवास होकर चिल्लाती नजर आ रही है- मेरे बच्चे डूब गए.. मेरे पति डूब गए, कृपया उन्हें बचा लो। उसे दिलासा देने के लिए पुल से वीडियो रिकार्ड कर रहा व्यक्ति उसे बताता है कि बचाव दल आ रहे हैं। हालांकि जब तक राहत कर्मी पहुंचे तक तक सोनलबेन के 38 वर्षीय पति रमेश पढियार, चार वर्षीय बेटी वेदिका और दो वर्षीय बेटा नैतिक डूब चुके थे। बाद में जब राहतकर्मी सोनलबेन को निकालकर नदी किनारे लाए तो उसने बताया कि हम भावनगर के बगदाना में प्रार्थना करने जा रहे थे। हमारी वैन में सात यात्री सवार थे। जब हम पुल पार कर रहे थे तो उसका एक हिस्सा ढह गया, जिससे कई वाहन नदी में गिर गए।

बदहवास सोनलबेन ने बताया-चूंकि मैं वैन के पिछले हिस्से में बैठी थी, इसलिए किसी तरह बाहर निकल आई। लेकिन मेरे पति और बच्चे फंस गए क्योंकि एक ट्रक हमारे वाहन पर गिर गया। पानी भी गहरा था। मैं लगभग एक घंटे तक मदद के लिए चिल्लाती रही, लेकिन कोई आगे नहीं आया। पुल हादसे के बाद विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हो गए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही के कारण ऐसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के इस्तीफे की मांग की।विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता अमित चावडा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं समेत स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कई बार कहा था कि पुल की हालत बहुत खराब है। 40 साल का होने के कारण अब इसका समय पूरा हो चुका है लेकिन सरकार ने इन शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया। राज्य सरकार की आपराधिक लापरवाही के कारण पुल ढह गया। हम इस गंभीर लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा की मांग करते हैं।

## अमरनाथ यात्रा के लिए सात दिनों में तीर्थयात्रियों की संख्या एक लाख पार, सुरक्षा बलों की अतिरिक्त कंपनियां तैनात

**जम्मू।** देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु भारी संख्या में यात्रा के लिए जम्मू पहुंच रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि हजारों की संख्या में श्रद्धालु सीधे कश्मीर से अपनी यात्रा शुरू कर रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी अमरनाथ यात्रा में हिमालय पर्वतों पर चढ़कर गुफा मंदिर में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है। केवल सात दिनों में ही यह संख्या एक लाख यात्रियों को पार कर गई है।इस साल की यात्रा में अब तक की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती है, क्योंकि यह पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद हो रही है। घाटी पहले से ही सुरक्षा बलों से भरी होने के बावजूद, यात्रा ड्यूटी के लिए अर्धसैनिक बलों की लगभग 600 अतिरिक्त कंपनियां तैनात की गई हैं।औसतन, लगभग 7,000 यात्री जम्मू से निर्धारित काफिलों में आधार शिविरों तक यात्रा कर रहे हैं, जिनके साथ सुरक्षा बलों की भारी टुकड़ियां होती हैं। लेकिन प्रतिदिन गुफा मंदिर पहुँचने वाले लोगों की संख्या दर्शाती है कि अधिकांश तीर्थयात्री बिना सुरक्षा उपकरणों के यात्रा करना पसंद करते हैं।उदाहरण के लिए, मंगलवार को 26,000 लोगों ने अमरनाथ गुफा में दर्शन किए, जबकि जम्मू से आधिकारिक तौर पर निर्धारित काफिले में 7,000 लोग आए। दिल्ली से आए एक यात्री अमित ने कहा कि यहां अकेले पहुंचना आसान और आरामदायक है। अन्यथा, निर्धारित काफिले में आपको सख्त दिशानिर्देशों और प्रतिबंधों का पालन करना पड़ता है।अमित अपने पांच दोस्तों के साथ पहलगाम पहुंच गए हैं और यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। चंदनवाड़ी से अमरनाथ गुफा तक 30 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा है।

# उदयपुर फाइल्स पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा- आपत्ति है तो हाईकोर्ट जाएं

**उदयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्स पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। यह याचिका हत्याकांड के आरोपी मोहम्मद जावेद ने दायर की थी, जिसमें राजस्थान में फिल्म की रिलीज पर आपत्ति जताई गई थी।लेकिन जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने बुधवार को सुनवाई के दौरान याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यदि कोई आपत्ति है तो याचिकाकर्ता हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं। याचिकाकर्ता जावेद ने दावा किया कि मामले का ट्रायल अभी चल रहा है और फिल्म की रिलीज से ट्रायल प्रभावित हो सकता है। कोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि फिल्म को रिलीज होने दीजिए, आप हाईकोर्ट में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उदयपुर फाइल्स का निर्देशन भरत एस. श्रीनाते ने किया है और इसे अमित जानी ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में विजय राज



कन्हैयालाल की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि रजनीश दुग्गल और प्रीति झांगियानी भी प्रमुख किरदारों में हैं। यह फिल्म 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।फिल्म को लेकर जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने भी दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने ट्रेलर पर आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया है कि इससे 2022 जैसी सांप्रदायिक स्थिति फिर पैदा हो सकती है। उनका दावा है कि ट्रेलर में आपत्तिजनक संवाद और दृश्य हैं जो वैमनस्य को बढ़ावा दे सकते हैं। इस याचिका के जवाब में कन्हैयालाल के बड़े बेटे यश तेली ने फिल्म का समर्थन करते हुए कहा कि यह फिल्म किसी धर्म के खिलाफ नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि फिल्म में वही घटनाएं दिखाई गई हैं जो उनके पिता के साथ हुई थीं और यह फिल्म आतंकवाद की मानसिकता को उजागर करती है। यश ने अब तक पिता की अस्थियां विसर्जित नहीं की हैं, नंगे पैर रहते हैं और बाल भी नहीं कटवाए हैं। उनका कहना है कि जब तक हत्यारों को फांसी नहीं मिल जाती, वह ये तीन प्रण नहीं तोड़ेंगे।28 जून 2022 को कन्हैयालाल की निर्मम हत्या कर दी गई थी। एनआईए ने कराची निवासी दो फरार आरोपियों सहित गौस मोहम्मद, रियाज अत्तारी और मोहम्मद जावेद समेत 11 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अब तक दो आरोपियों को जमानत मिल चुकी है।

## पहले विधायक ने स्टाफ को पीटा अब कैंटीन का लाइलेंस किया रद, सीएम फडणवीस ने जताई नाराजगी



मुंबई, 10 जुलाई [एजेंसी]।

महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड़ ने मुंबई में विधायक निवास की कैंटीन में बासी भोजन दिए जाने पर एक कर्मचारी को कई थप्पड़ जड़ दिए थे। वहीं, अब इस मामले में एक बड़ी सूचना सामने आई है। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने बुधवार शाम को कैंटीन चलाने वाले कैटरर का लाइसेंस निलंबित कर दिया।इस घटना की विपक्षी दलों के साथ-साथ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी निंदा की थी। हमले का वीडियो प्रसारित होने और आक्रोश फैलने पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि इस तरह का आचरण किसी को भी शोभा नहीं देता। इससे सभी विधायकों के बारे में गलत संदेश जाता है कि वे सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने भी अपनी पार्टी के नेता के कृत्य को अनुचित बताया। कहा कि अगर कुछ गलत हो रहा है तो कानूनी कार्रवाई हो सकती है। लेकिन लोगों की पिटाई करना अनुचित है। हालांकि, बुलढाणा से विधायक संजय गायकवाड़ ने अपने आचरण का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें शिवसेना शैली की प्रतिक्रिया के लिए बाध्य होना पड़ा, क्योंकि भोजन की गुणवत्ता के बारे में उनके द्वारा पहले की गई शिकायतों का समाधान नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने कृत्य पर कोई पछतावा नहीं है।आकाशवाणी एमएलए हॉस्टल में मंगलवार रात हुई इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में गायकवाड़ कैंटीन संचालक को डांटते, बिल का भुगतान करने से इनकार करते और बिलिंग काउंटर पर बैठे कर्मचारी को बार-बार थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं, जिससे वह नीचे गिर जाता है। गायकवाड़ ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए कहा कि मैंने पहले भी दो-तीन बार खाने की खराब गुणवत्ता की शिकायत की थी। इस बार खाना बिल्कुल अस्वीकार्य था। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार रात गायकवाड़ ने एमएलए हॉस्टल की कैंटीन से खाना ऑर्डर किया था। उनके कमरे में जो दाल और चावल भेजे गए, वे बासी और बदबूदार थे। इससे नाराज होकर वह कैंटीन में घुस गए और मैनेजर से झगड़ा किया एवं एक कर्मचारी को कई थप्पड़ मारे।विधान परिषद में विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) विधायक अनिल परब ने यह मुद्दा उठाया और गायकवाड़ पर सत्ता के नशे में चूर होने का आरोप लगाया।

## चार महीने पहले हुई थी शादी, पति ने जहरीला इंजेक्शन देकर कर दी महिला डॉक्टर की हत्या

**भोपाल।** भोपाल के शाहपुरा में चार महीने पहले नवविवाहिता डॉ. रिचा पांडे की संदिग्ध अवस्था में मौत के मामले में उनके पति अभिजीत पांडे के खिलाफ अब हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। पहले इस मामले में पुलिस ने अभिजीत पर खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया था, लेकिन यह स्पष्ट हुआ है कि उसने जहरीला इंजेक्शन देकर रिचा की हत्या की थी। अपर सत्र न्यायाधीश नीलू संजीव श्रंगीऋषि की अदालत ने अभिजीत के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, दहेज हत्या, हत्या और दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप तय किए हैं। अब इन आरोपों पर ट्रायल होगा। मूल रूप से सतना की रहने वाली डॉ. रिचा पांडे के स्वजन लखनऊ में रहते हैं। जबलपुर से एमबीबीएस करने के बाद वह आरकेडीएफ कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थीं। उनकी शादी दिसंबर 2024 में अभिजीत से हुई थी, जो खुद को डेंटिस्ट बताता था और एमपी नगर में क्लीनिक चला रहा था।

# यूरोप में भीषण गर्मी का कहर... हीटवेव ने 10 दिनों में ले ली 2300 लोगों की जान, जलवायु परिवर्तन बड़ी वजह



**ब्रसेल्स।** यूरोप में भीषण गर्मी से 2,300 लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी बुधवार को प्रकाशित एक विज्ञानिक विश्लेषण में सामने आई है। अध्ययन में दो जुलाई तक चलने वाले उन 10 दिनों को लक्षित किया गया, जिनमें पश्चिमी यूरोप के बड़े हिस्से अत्यधिक गर्मी से प्रभावित रहे।स्पेन में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया और फ्रांस में जंगलों में आग लग गई। अध्ययन में बार्सिलोना, मैड्रिड, लंदन और मिलान सहित 12 शहरों को शामिल किया गया, जहां हीटवेव का तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है।इंपीरियल कॉलेज लंदन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रापिकल मेडिसिन के विज्ञानियों द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, इस अवधि के दौरान अनुमानित 2,300 लोगों की मृत्यु में से 1,500 मौतें जलवायु परिवर्तन से जुड़ी थीं, जिसने गर्मी की लहर को और गंभीर बना दिया। इंपीरियल कॉलेज लंदन के एक शोधकर्ता डॉ. बेन क्लार्क ने कहा कि जलवायु परिवर्तन ने इसे पहले की तुलना में काफी अधिक गर्म बना दिया है, जिससे यह और खतरनाक हो गया है। अमेरिका के टेक्सास प्रांत में अचानक आई बाढ़ से मृतकों की संख्या बढ़कर अब 100 से अधिक हो गई है। कई अन्य लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया खोज और बचाव दल कीचड़ से भरे नदी किनारों पर काम कर रहे हैं, जबकि क्षेत्र में अधिक बारिश और तूफान का खतरा बना हुआ है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार चार दिन बाद भी जीवित बचे लोगों को खोजने की उम्मीद कम होती जा रही है। क्रिश्चियन गर्ल्स समर कैंप, कैंप मिस्टिक ने पुष्टि की है कि मृतकों में कम से कम 27 लड़कियां और स्टाफ शामिल हैं।

वहीं दस लड़कियां और एक कैंप काउंसलर अभी भी लापता है। इस बीच, व्हाइट हाउस ने सुझावों को खारिज कर दिया कि नेशनल वेदर सर्विस में बजट कटौती ने आपदा प्रतिक्रिया को प्रभावित किया हो सकता है। बीबीसी ने बताया केर काउंटी में कम से कम 84 लोगों की मौत हुई जिनमें 56 वयस्क और 28 बच्चे शामिल हैं। काउंटी के शेरिफ कार्यालय ने कहा कि 22 वयस्कों और 10 बच्चों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

## दिल्ली-यूपी में जमकर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित, खराब मौसम के कारण तीन विमान जयपुर डायवर्ट, हिमाचल में हाहाकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बुधवार को लगातार बारिश के कारण यातायात और उड़ान संचालन प्रभावित हुआ। भारी बारिश के कारण दिल्ली एनसीआर के क्षेत्र गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और नोएडा आदि में जगह जगह जलभराव हो गया। जिस वजह से लोगों को काफी परेशानी हुई। वहीं मौसम विभाग ने आज भी दिल्ली एनसीआर समेत यूपी के कई जिलों में भारी बारिश की आशंका जताई है। उत्तर पंजाब, उत्तर हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ भागों, पश्चिम मध्य प्रदेश, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, केरल, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह और पूर्वोत्तर भारत में हल्की से मध्यम वर्षा संभव है। विदर्भ, तटीय कर्नाटक, कोंकण व गोवा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में खराब मौसम के कारण बुधवार शाम तीन विमानों को जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। जानकारी के अनुसार गोवा से दिल्ली जा रहा अकासा एयरलाइंस का विमान क्यूपी 1629, एअर इंडिया का भुज से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला विमान एआइ-814 और कोलकाता से दिल्ली के लिए रवाना हुआ विमान एआइ-2768 को भी जयपुर में उतारा गया। इन विमानों को देर रात तक मौसम साफ़ होने की प्रतीक्षा में जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़ा रखा गया।

# लड़कियों का मासिक धर्म चेक करने के लिए टीचरों ने उतरवाए कपड़े, आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के एक स्कूल में मासिक धर्म की जांच के लिए लड़कियों के कपड़े उतरवाए गए जिसके बाद इस मामले में आठ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कक्षा 5 से 10 तक की लड़कियों को यह जांचने के लिए कपड़े उतरवाए गए कि उन्हें मासिक धर्म हो रहा है या नहीं।पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार को कस्बे के आर.एस. दमानी स्कूल में हुई जब शौचालय में खून के धब्बे पाए गए। इससे छात्राओं के अभिभावकों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने बुधवार को स्कूल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और इस घटना में शामिल प्रबंधन और शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एक छात्रा के अभिभावक द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, कक्षा 5 से 10 तक की लड़कियों को स्कूल के कन्वेंशन हॉल में बुलाया गया और उन्हें प्रोजेक्टर के माध्यम से शौचालय और फर्श पर खून के धब्बों की तस्वीरें दिखाई गईं और पूछा गया कि क्या उनमें से किसी को मासिक धर्म हो रहा है। इसके बाद इन लड़कियों को दो समूहों में बांट दिया गया। जिन लड़कियों ने कहा कि उन्हें मासिक धर्म हो रहा है, उनसे शिक्षकों को अपने अंगूठे के निशान देने को कहा गया। लेकिन जिन लड़कियों ने कहा कि उन्हें मासिक धर्म नहीं हो रहा है।

# भारत में स्टारलिंक की सेवाएं शुरू करने की मिली परमिशन, मस्क की कंपनी का जारी हुआ लाइसेंस, लेकिन करना होगा ये काम




नईदिल्ली, 10 जुलाई [एजेंसी]।

भारत के अंतरिक्ष नियामक इन-स्पेस ने अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क द्वारा संचालित स्टारलिंक को देश में उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए लाइसेंस जारी कर दिया है। इससे कंपनी के लिए भारतीय बाजार में प्रवेश करने की नियामकीय बाधा दूर हो गई है।

स्टारलिंक की सेवाओं से भारत में बिना मोबाइल टावर के भी कॉलिंग और कनेक्टिविटी की सुविधा संभव हो सकेगी। इससे ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) ने एक बयान में कहा कि स्टारलिंक को उपग्रहों के समूह यानी स्टारलिंक जेन1 की व्यवस्था करने की मंजूरी दी गई है। इससे यह कंपनी भारत में उपग्रह आधारित संचार सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो सकेगी। यह मंजूरी आठ जुलाई से पांच साल की अवधि के लिए या जेन1 समूह के परिचालन की समाप्ति तक (जो भी पहले हो) के लिए वैध है। रॉयटर्स के अनुसार, एलन मस्क की कंपनी 2022 से भारत में व्यावसायिक रूप से परिचालन के लिए लाइसेंस का इंतजार कर रही थी।पिछले महीने इसे भारत के दूरसंचार मंत्रालय से लांचिंग के लिए लाइसेंस मिला, लेकिन वह अंतरिक्ष नियामक से हरी झंडी मिलने का इंतजार कर रही थी।

स्टारलिंक को अब सरकार से स्पेक्ट्रम हासिल करना होगा, जमीनी स्तर पर बुनियादी ढांचा स्थापित करना होगा तथा परीक्षण के माध्यम से यह प्रदर्शित करना होगा कि वह उन सुरक्षा नियमों को पूरा करती है, जिनके लिए उसने सहमति दी है।स्टारलिंक जेन1 कांस्टेलेशन एक वैश्विक व्यवस्था है, जिसमें 4,408 उपग्रह हैं। ये उपग्रह 540 किमी से 570 किमी की ऊंचाई पर पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं। यह प्रणाली भारत में लगभग 600 गीगावाट प्रति सेकेंड की क्षमता से इंटरनेट सेवा प्रदान करने में सक्षम है। पिछले महीने यूटेलसेट वनवेब और जियो सेटेलाइट कम्युनिकेशंस के बाद स्टारलिंक भारत में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार विभाग से लाइसेंस प्राप्त करने वाली तीसरी कंपनी बन गई।

# बेअसर रही ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल, बंगाल में छिटपुट हिंसा



नईदिल्ली, 10 जुलाई [एजेंसी]।

केंद्र सरकार की श्रम नीतियों के विरोध में कई ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य जनजीवन प्रभावित नहीं हुआ।बंगाल से हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन ट्रेड यूनियनों ने दावा किया कि हड़ताल सफल रही और बड़ी संख्या में कर्मचारी काम पर नहीं आए, जिससे डाक, बैंकिंग, बीमा और खनन क्षेत्र प्रभावित हुए। राष्ट्रव्यापी हड़ताल कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रही। लेकिन बंगाल के विभिन्न हिस्सों में वामपंथी कार्यकर्ताओं, पुलिस और तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़प के बाद हिंसा की खबरें आईं।दस ट्रेड यूनियनों के एक मंच ने अपने बयान में कहा कि देश के कई इलाकों, जैसे- पुडुचेरी, असम, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, पंजाब, केरल, बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, गोवा, मेघालय और मणिपुर आदि में बंद जैसी स्थिति रही।राजस्थान, हरियाणा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में भी आंशिक बंद की खबरें मिलीं। इसमें कहा गया है कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात में औद्योगिक एवं सेक्टरों की हड़तालें हुईं। उन्होंने चार श्रम संहिताओं, ठेकाकरण व सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण खत्म करने, न्यूनतम मजदूरी 26,000 रुपये प्रति माह करने, साथ ही स्वामीनाथन आयोग के सी2 प्लस 50 प्रतिशत के फार्मूले के आधार पर फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसानों की कर्ज माफी की किसान संगठनों की मांगों के समर्थन में एक दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया था। इस मंच ने पिछले वर्ष श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को 17 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा था।

# इस बार सावन में 4 सोमवार को शिवालयों में होंगे धार्मिक अनुष्ठान

**सावन माह में शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र आदि अर्पित करने से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और पापों का नाश होता है। सावन के सोमवार का व्रत रखने से गृहस्थ जीवन सुखमय बनता है, सुख-समृद्धि व शान्ति की प्राप्ति होती है।**



हिन्दू धर्म में आध्यात्मिक दृष्टि से श्रावण मास को अत्यन्त पवित्र माना जाता है, यह सावन मास विशेष रूप से भगवान शिव की उपासना के लिए समर्पित है। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय कैथल के ज्योतिष विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योतिषाचार्य डॉ. नवीन शर्मा ने जानकारी दी कि श्रावण मास भगवान शिवजी को अत्यन्त प्रिय है। भोलेनाथ ने स्वयं कहा है कि-

द्वादशस्वपि मासेषु श्रावणो मेऽतिवल्लभः ।
श्रवणार्हं यन्माहात्म्यं तेनासौ श्रवणो मत॰ ॥
श्रवणर्क्षं पौर्णमास्यां ततोऽपि श्रावण॰ स्मृत:।
यस्य श्रवणमात्रेण सिद्धिद॰ श्रावणोऽप्यत: ॥

अर्थात मासों में श्रावण मुझे अत्यंत प्रिय है। इसका माहात्म्य सुनने योग्य है अत: इसे श्रावण कहा जाता है। इस मास में श्रवण नक्षत्र युक्त पूर्णिमा होती है इस कारण भी इसे श्रावण कहा जाता है। श्रावण माहात्म्य के श्रवण मात्र से यह सिद्धि प्रदान करने वाला है ।

इस माह में शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र आदि अर्पित करने से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और पापों का नाश होता है। सावन के सोमवार का व्रत रखने से गृहस्थ जीवन सुखमय बनता है, सुख-समृद्धि व शान्ति की प्राप्ति होती है। इस समय ध्यान, शिव पूजन, रुद्राभिषेक,शिव मन्त्र ऊँ नम: शिवाय या महामृत्युंजय मन्त्र जप, और दान करने से आत्मिक शुद्धि होती है और पूर्व जन्मों के पाप भी नष्ट होते हैं। यह माह व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान के लिए अत्यन्त लाभकारी होता है।

डॉ. नवीन शर्मा ने बताया कि पंचांग दिवाकर के अनुसार श्रावण मास की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 10 जुलाई की अर्धरात्रि 2 बजकर 07 मिनट पर प्रारम्भ होगी। भारतीय ज्योतिष के अनुसार अधिकतर व्रत,पर्व इत्यादि सूर्योदय कालीन तिथि में मनाए जाने का विधान है अत: सूर्योदय व्यापिनी श्रावण कृष्ण प्रतिपदा तिथि 11 जुलाई को होगी अत: श्रावण मास का प्रारम्भ 11 जुलाई को ही होगा जो श्रावणी पूर्णिमा अर्थात् रक्षाबन्धन 09 अगस्त तक रहेगा। भारत में श्रावणी पूर्णिमा को संस्कृत दिवस एवं श्रावण मास को संस्कृत मास के रूप में भी मनाया जाता है। इस बार श्रावण मास में 04 सोमवार आ रहे हैं जो 14, 21, 28 व 04 अगस्त तक रहेंगे। सनातन धर्म में सोमवार भगवान शिव के लिए समर्पित है। वर्ष भर लोग सोमवार का व्रत भी करते हैं ऐसे में भगवान शिव को समर्पित श्रावण मास के सोमवार का महत्व और भी बढ़ जाता है।

श्रावण मास के विशेष व्रत एवं पर्व
11 जुलाई, श्रावण मास का प्रारम्भ
12 जुलाई, अशून्य शयन व्रत
14 जुलाई, प्रथम श्रावणी सोमवार /गणेश चतुर्थी व्रत
15 जुलाई, मंगला गौरी व्रत
16 जुलाई, श्रावण संक्रान्ति
17 जुलाई, शीतला सप्तमी
21जुलाई, द्वितीय सोमवार / कामिका एकादशी
22 जुलाई, भौम प्रदोष
23 जुलाई, श्रावणी शिवरात्रि
24 जुलाई, श्रावणी अमावस्या
28 जुलाई, तृतीय सोमवार /विनायक चतुर्थी
29 जुलाई, नागपंचमी
30 जुलाई, कल्कि जयन्ती
31 जुलाई,गोस्वामी तुलसीदास जयन्ती/ शीतला सप्तमी
04 अगस्त, चतुर्थ सोमवार
05 अगस्त,पवित्रा एकादशी
06 अगस्त, प्रदोष व्रत
08 अगस्त, पूर्णिमा व्रत
09 अगस्त, श्रावणी पूर्णिमा/ रक्षाबन्धन (श्रावण का अन्तिम दिन)

## सावन शुरू होने से पहले घर से जरूर हटा दें ये चीजें, वरना घर में बढ़ सकती हैं निगेटिविटी

सावन का महीना शुरू होने में अब कुछ ही दिन बाकी बचे हैं। इस बार 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू होगा। ऐसे में आपको भी इसकी तैयारी शुरूकर देनी चाहिए। सबसे पहले तो घर के सभी दिशाओं की साफ-सफाई शुरूकर देना चाहिए। अपने घर से फालतू का सामान हटा दें। श्रावण माह भगवान शिव को समर्पित होता है। ऐसे में घर में भगवान शिव की पूजा करने से घर में नई ऊर्जा का संचार होता है। वहीं अगर आपके घर में फालतू का सामान रखा होगा, तो इस ऊर्जा के प्रवाह में बाधा पैदा होती है। इसलिए जरूरी है कि सावन महीने की शुरूआत होते ही अपने घर की साफ-सफाई कर लें और फालतू या फिर पुरानी या टूटी हो चुकी चीजों को हटाकर बाहर कर दें।



**सूखे, मुरझाए या कांटेदार पौधे**
सूखे या मुरझाए हुए पौधे घर में लगाने से निगेटिव एनर्जी बढ़ती है। वास्तु के मुताबिक यह पौधे जीवन ऊर्जा को बाधित करते हैं। खासकर तुलसी का पौधा यदि सूख जाए, तो इसको फौरन हटा देना चाहिए। आपको सूखे, मुरझाए या कांटेदार पौधों की जगह मनी प्लांट, तुलसी और एलोवेरा आदि के पौधे लगाने चाहिए। यह पौधे लगाने से व्यापार और नौकरी में प्रगति का मार्ग खोलते हैं।

**टूटी-फूटी और खंडित मूर्तियां**
कभी भी घर में चटका हुआ बर्तन, टूटा हुआ शीशा, टूटी-फूटी मूर्ति या फिर टूटा फ्रेम नहीं रखना चाहिए। यह आर्थिक, मानसिक तनाव और रिश्तों में दरार लाता है और वास्तु दोष बढ़ता है। इस तरह की चीजें होने से लक्ष्मी जी का वास बाधित होता है। इसलिए टूटी हुई मूर्तियों को मिट्टी या फिर नदी में विसर्जित कर देना चाहिए। वहीं फूटे बर्तन और टूटा शीशा फौरन बदल देना चाहिए। इससे धन-संपत्ति में वृद्धि होती है।

**पुरानी या टूटी झाड़ू**
झाड़ू को धन की देवी मां लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। घर में पुरानी या फिर टूटी झाड़ू रखने से रोग और दरिद्रता आती है। नौकरी में रुकावट, धन का अपव्यय और व्यापार में भी घाटा होता है। ऐसे में शनिवार और अमावस्या को झाड़ू बदलना चाहिए। नई झाड़ू को गुप्त स्थान पर रखना चाहिए और पैर न लगने दें।

**एक्सपायर्ड दवाइयां और खराब खाद्य सामग्री**
घर रखी पुरानी, बेकार और सड़ा-गला अनाज रोग, कलह और मानसिक थकावट पैदा करता है। साथ ही यह घर की समृद्धि को भी नष्ट करा है। इसके साथ ही दवा बॉक्स और रसोईघर की साफ-सफाई करें और पुराने मसाले, आटा और तेल आदि हटाकर ताजे खाद्य पदार्थों को रखें।

**फटे-पुराने कपड़े और भगवान के पुराने वस्त्र**
फटे-पुराने कपड़े पहनने से आत्मबल में कमी आती है और निगेटिविटी बढ़ती है। विशेषकर पूजा के स्थान पर पुराने या गंदे कपड़े उपयोग करने से वहां की ऊर्जा बाधित होती है। वहीं भगवान के पुराने कपड़ों को भी पूजाघर से हटा देना चाहिए। इन कपड़ों का या तो दान कर दें या फिर उचित रूप से नष्ट करें। वहीं नए-स्वच्छ वस्त्र पहनकर शिव पूजा करने से धन और यश की प्राप्ति होती है।

**नकारात्मक या हिंसक चित्र**
कई घरों में रोते हुए बच्चों के चित्र, युद्ध के दृश्य, तलवारों या शेर-बाघ की मूर्तियां देखने को मिलती हैं, जोकि हिंसात्मक ऊर्जा को जन्म देती हैं। यह नकारात्मक या हिंसक चित्र करियर और वैवाहिक जीवन में संघर्ष का कारण बनते हैं। इनकी जगह प्रेमपूर्ण चित्र जैसे शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण या प्राकृतिक दृश्य लगाएं। इससे घर परिवार में शांति और समृद्धि आती है।

**पुराने, खराब और बंद इलेक्ट्रॉनिक सामान**
यदि आपके घर में कोई इलेक्ट्रॉनिक सामना जैसे मिक्सर, टीवी, मोबाइल या घड़ी आदि कोई सामान खराब है, तो यह आपकी एनर्जी, समय और धन को अवरुद्ध करती हैं। या तो इन चीजों को ठीक करवा लें, या फिर इनको घर से हटा दें। इससे आपके करियर में पॉजिटिव बदलाव आएगा।

**बंद या गलत समय दिखाने वाली घड़ी**
बता दें कि रुकी हुई या गलत समय बताने वाली घड़ियां जीवन की प्रगति को रोकती हैं। यह आमदनी की गति, नए अवसर और नौकरी में प्रमोशन को धीमा करती है। बंद घड़ियों को या तो सही करवा लें या फिर हटा दें। वहीं शुभ समय पर घड़ी लगाने से जीवन में समय का संतुलन बना रहता है।

## द वेदाज स्पीक को होस्ट करेंगी रुखसार रहमान कहा-मुझे ब्रह्मांड के रहस्यों में गहरी दिलचस्पी



अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस रुखसार रहमान अब एक नए किरदार में नजर आएंगी। वह जल्द ही एक नया चैट शो द वेदाज स्पीक को होस्ट करेंगी।

रुखसार ने इस टॉक शो को करने के लिए हामी भरने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि उन्हें हमेशा से कुदरत के चमत्कारों में दिलचस्पी रही है, जैसे कि ब्रह्मांड, ज्योतिष, आध्यात्म, और पुराणों की कहानियां आदि। इस वजह से उन्होंने इस शो को होस्ट करना स्वीकार किया।

एक्ट्रेस ने कहा, मुझे हमेशा ब्रह्मांड, ज्योतिष, आध्यात्म, पुराणों और प्रकृति के चमत्कारों में ज्यादा रुचि रही है। ब्रह्मांड में जो रहस्य छिपे हैं, वे मुझे बेहद आकर्षक लगते हैं। ये रहस्य हमारी जिंदगी पर भी असर डालते हैं।

रुखसार के लिए द वेदाज स्पीक शो से जुड़ना उनके अपने विश्वासों का एक स्वाभाविक हिस्सा जैसा है। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से प्रकृति की अद्भुत चीजों में गहरी दिलचस्पी रही है। ये चीजें ब्रह्मांड के छिपे हुए राज बताती हैं। इसलिए जब इस शो का हिस्सा बनने का मौका मिला, तो मुझे लगा कि यह काम मेरे दिल के बहुत करीब है और मैं खुशी-खुशी इसके लिए तैयार हो गई। मैं इस शो का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं।

भेजा फ्राई 2 की एक्ट्रेस ने बताया कि द वेदाज स्पीक बाकी आध्यात्मिक चैट शोज से बिलकुल अलग है। उन्होंने कहा कि यह शो सिर्फ बातें करने वाला नहीं है, बल्कि यह एक गहरी और अर्थपूर्ण यात्रा है। इसमें लोगों की मदद की जाएगी कि वह अपने अंदर झांकें, खुद को समझें और अपनी असली पहचान से जुड़ें। यह लोगों के अंदर बदलाव लाने की कोशिश करेगा।

रुखसार ने कहा, यह चैट शो कई मायनों में टीवी या ऑनलाइन पर प्रसारित हो रहे शो से काफी हटकर है।

एक्ट्रेस के बारे में बात करें तो रुखसार कई फिल्मों और टीवी शोज में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने गॉड तुस्सी ग्रेट हो, सरकार, भेजा फ्राई 2, पीके, उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक, और 83 जैसी फिल्मों में काम किया है। वह कुछ तो लोग कहेंगे, बालवीर, ड्रीम गर्ल, और मरियम खान ङ्क रिपोर्टिंग लाइव जैसे पॉपुलर टीवी शोज का भी हिस्सा रही हैं।रुखसार अब जल्द ही राजकुमार संतोषी की आने वाली फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सनी देओल, प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, शिल्पा शेट्टी और अली फजल जैसे बड़े कलाकार भी हैं।

यह फिल्म आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस आमिर खान प्रोडक्शन्स के तहत बन रही है।इस फिल्म के जरिए प्रीति जिंटा करीब सात साल बाद इंडस्ट्री में वापसी कर रही हैं।लाहौर 1947 के अलावा, रुखसार के पास उत्तर दा पुत्तर है। इसमें वह अनु कपूर के साथ नजर आएंगी।



## घर पर सूप बनाते समय न करें ये गलतियां, स्वाद और सेहत पर पड़ेगा असर

सूप एक ऐसा पेय है, जो न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। हालांकि, सूप बनाते समय कई लोग अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे न तो इसका स्वाद सही रहता है और न ही यह सेहत के लिए उतना लाभकारी होता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको सूप बनाते समय बचना चाहिए ताकि इसका स्वाद और सेहत दोनों बरकरार रहें।

**सब्जियों को ज्यादा पकाना**
सूप बनाते समय सबसे बड़ी गलती सब्जियों को ज्यादा पकाना है। इससे न केवल सब्जियों का स्वाद खराब हो जाता है, बल्कि उनमें मौजूद जरूरी तत्व भी खत्म हो जाते हैं। इसलिए जब भी आप सूप बनाएं तो सब्जियों को हल्का सा नरम होने तक ही पकाएं। इससे उनका प्राकृतिक स्वाद बना रहेगा और पोषक तत्व भी बने रहेंगे। इस तरह आपका सूप न केवल स्वादिष्ट बनेगा बल्कि सेहतमंद भी रहेगा।

**सही मसालों का चयन न करना**
सूप में मसाले डालना एक कला है। बहुत ज्यादा या बहुत कम मसाले डालने से सूप का स्वाद बिगड़ सकता है। इसलिए हमेशा सही मात्रा में मसालों का उपयोग करें। हल्दी, मिर्च, धनिया पाउडर आदि का सही अनुपात में इस्तेमाल करें। इसके अलावा अदरक, लहसुन और हरी मिर्च जैसे ताजे मसालों का भी इस्तेमाल करें ताकि सूप का स्वाद बेहतरीन बने रहे। सही मसालों का चयन आपके सूप को और भी स्वादिष्ट और सेहतमंद बनाएगा।

**पानी की मात्रा पर ध्यान न देना**
सूप बनाने के लिए पानी की मात्रा बहुत जरूरी होती है। अगर आप ज्यादा पानी डाल देंगे तो आपका सूप पतला हो जाएगा और इसका असली स्वाद खो जाएगा, वहीं कम पानी डालने से सूप गाढ़ा हो सकता है, जो हमेशा सही नहीं लगता। इसलिए हमेशा सही मात्रा में पानी डालें ताकि आपका सूप न तो पतला हो और न ही बहुत गाढ़ा रहे। सही मात्रा में पानी डालने से सूप का स्वाद और सेहत दोनों बनी रहती हैं।

**ताजे हर्ब्स का उपयोग न करना**
ताजे हर्ब्स जैसे धनिया, पुदीना या तुलसी सूप में डालने से इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है। कई लोग सूखे हर्ब्स का इस्तेमाल करते हैं, जो सही नहीं होता। सूखे हर्ब्स का स्वाद कम होता है और वे सूप को उतना अच्छा नहीं बना पाते। इसलिए हमेशा ताजे हर्ब्स का ही उपयोग करें। इससे आपका सूप न केवल स्वादिष्ट बनेगा बल्कि सेहत भी बढ़ेगी। ताजे हर्ब्स का उपयोग आपके सूप को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

**नमक का अधिक सेवन करना**
सूप में नमक का सही मात्रा में उपयोग करना बहुत जरूरी है। बहुत ज्यादा नमक डालने से न केवल सूप का स्वाद बिगड़ जाता है बल्कि यह सेहत के लिए भी हानिकारक हो सकता है। इसलिए हमेशा सही मात्रा में नमक डालें ताकि आपका सूप स्वादिष्ट बने रहे और सेहतमंद भी रहे। इन बातों का ध्यान रखकर आप अपने घर पर बेहतरीन और सेहतमंद सूप बना सकते हैं।


## शॉर्ट्स और ब्रालेट पहनकर समंदर में आग लगाने निकलीं श्वेता तिवारी, थम गईं फैंस की नजरें

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी इन दिनों अपनी हॉट और ग्लैमरस फोटोज को लेकर जबरदस्त चर्चा में हैं. हाल ही में मॉरीशस वेकेशन से लौटीं श्वेता अब लगातार सोशल मीडिया पर अपनी समंदर किनारे की शानदार तस्वीरें शेयर कर रही हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी जो तस्वीरें शेयर की हैं, वो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहीं हैं,

टीवी की दुनिया की सुपरस्टार और लोगों के दिलों पर दशकों से राज कर रहीं श्वेता तिवारी इन दिनों अपनी हॉट और ग्लैमरस फोटोज को लेकर जबरदस्त चर्चा में हैं. हाल ही में मॉरीशस वेकेशन से लौटीं श्वेता अब लगातार सोशल मीडिया पर अपनी समंदर किनारे की शानदार तस्वीरें शेयर कर रही हैं, जिन्हें देखकर फैंस की धड़कनें तेज हो गई हैं.

हाल ही में श्वेता ने बीच पर ब्रालेट और डेनिम शॉर्ट्स में फोटोशूट कराया. उनकी फिटनेस, ग्लोइंग स्किन और बेफिक्र मस्ती को देखकर कोई यकीन नहीं कर सकता कि वो 44 साल की हैं. फैंस यहां तक कह रहे हैं, कि श्वेता अपनी बेटी पलक तिवारी को भी स्टाइल में पीछे छोड़ रही हैं.

इस ट्रिप के दौरान श्वेता के कई लुक्स वायरल हुए हैं, कभी कलरफुल बिकिनी में तो कभी स्कर्ट-टॉप में, लेकिन उनका ब्रालेट और हाई-वेस्ट डेनिम शॉर्ट्स वाला लुक तो फैंस को खूब पसंद आ रहा है. इस लुक में उनका



टोन्ड फिगर, फ्लॉन्टेड लेग्स और हैप्पी वाइब्स ने फैंस को दीवाना बना दिया है.

इस स्टाइलिश अवतार में श्वेता ने मिनिमल मेकअप के साथ काला चश्मा, गोल्डन ईयररिंग्स और काले धागे वाला ब्रैसलेट पहना है, वहीं लाइट जूलरी और खुले लहराते बालों ने उनके लुक को और भी शानदार बना दिया है.

श्वेता की लेटेस्ट फोटोज पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं. कोई उन्हें, 25 साल की लड़की कह रहा है, तो कोई उनकी क्यूटनेस पर टैक्स लगाने की बात कर रहा है. एक यूजर ने तो सीधा लिख दिया, श्वेता तिवारी, मेरा पहला प्यार हो तुम!

संस्कारी बहू से स्टाइल क्वीन तक का सफर तय कर चुकीं श्वेता तिवारी आज भी हर उम्र के लोगों की फेवरेट हैं, और ये तस्वीरें देखकर तो बस एक ही बात निकलती है. उम्र सिर्फ एक नंबर है, असली बात है स्टाइल और कॉन्फिडेंस.

बतादें, श्वेता तिवारी को बड़ी पहचान एकता कपूर के टीवी शो कसौटी जिंदगी की से मिली थी. इस सीरियल में श्वेता ने प्रेरणा का किरदार निभाया था. इस रोल से श्वेता ने हर घर में प्रेरणा के नाम से ऐसी पहचान बनाई, कि आज भी लोग उन्हें उसी नाम से पुकारते हैं.

हालांकि, श्वेता ने कलीरे से टीवी इंडस्ट्री में डेब्यू किया था. इतना ही नहीं एक्ट्रेस ने सलमान खान के शो बिग बॉस सीजन 4 में पार्टिसिपेट भी किया था, साथ ही में वो उस सीजन की विनर भी रहीं थीं.

## शब्द सामर्थ्य -103

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 102 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

# बैकुंठपुर की उम्मीदों पर ताला शहरी रेलवे आरक्षण केंद्र बना वीरान घर जनता कहां जाए ?

**कोरिया बैकुंठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने शहर में लंबे समय से बंद पड़े रेलवे शहरी आरक्षण केंद्र को लेकर उन्होंने कहा कभी जिस आरक्षण केंद्र के खुलने पर बैकुंठपुर के लोगों ने राहत की सांस ली थी, आज वही केंद्र वीरान पड़ा है — गेट पर ताला, अंदर सन्नाटा और बाहर टिकट की उम्मीद में खड़े लोग!



यह केंद्र चर्चा रेलवे स्टेशन के 12 किलोमीटर लंबे सफर से निजात दिलाने के उद्देश्य से खोला गया था। लेकिन अब इसे बिना किसी सूचना या कारण बताए बंद कर दिया गया है। न रेलवे विभाग ने कोई कारण बताया, न वैकल्पिक व्यवस्था की गई।ना समय की कद्र रही, ना जेब की बचत — ऊपर से अफसरों की चुप्पी! लोगों का कहना है कि जहां पहले टिकट बुकिंग में 10 मिनट लगते थे, अब आधा दिन खर्च हो जाता है। किराया अलग, धूप-पसीना अलग और परेशानी अपनी जगह।इस समस्या को लेकर अन्नपूर्णा प्रभाकरसिंह ने कलेक्टर कोरिया व मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल छत्तीसगढ़ आरक्षण केंद्र बिलासपुर से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा हर वर्ग के लिए अत्यंत जरूरी थी — महिला हो, बुजुर्ग, छात्र या व्यापारी — सभी को इसका सीधा लाभ मिल रहा था। अब वह सुविधा अचानक बंद कर दी गई है, जिससे जनता असहाय महसूस कर रही है।नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने प्रशासन का ध्यान आकर्षण करवाते हुए मांग की हैं।शहरी रेलवे आरक्षण केंद्र को उसी स्थान पर तत्काल पुनः चालू किया जाए। कर्मचारियों की स्थाई तैनाती की जाए, जिससे सेवा स्थायी रूप से जारी रह सके।संचालन का स्पष्ट समय निर्धारित किया जाए, ताकि लोगों को भ्रम की स्थिति न हो।जनता पूछ रही है क्या हम शहर में रहकर भी गांव जैसी सुविधाओं को तरसेंगे क्या हमारी छोटी-छोटी जरूरतें प्रशासन की उदासीनता के नीचे दबती रहेंगी नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने प्रशासन से सीधा सवाल किया रेलवे की पटरियों पर तो ट्रेनें दौड़ रही हैं,तो फिर बैकुंठपुर शहर की उम्मीदों पर ताला क्यों पड़ा है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से किशोरी बालिकाओं को दिया आत्मरक्षा प्रशिक्षण, ऐसे करेंगीं सुरक्षा

**कोरिया बैकुंठपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरिया द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल, बैकुण्ठपुर में किशोरी बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 7 जुलाई को किया गया था।



यह कार्यक्रम माननीय कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें संभावित हिंसात्मक घटनाओं से सुरक्षित रखने हेतु सजग करना है। प्रशिक्षकों कुमार गौरव एवं श्रीमती खुशबू द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकी उपायों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अतिरिक्त, श्रीमती दीपिका पटेल ने बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005, महतारी वंदन योजना, मातृत्व वंदन योजना, शक्ति सदन एवं बाल विवाह प्रतिषेध कानून की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बालिकाओं को आत्मरक्षा तकनीकों के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने के उपाय भी सिखाए गए। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी ने गुड टच - बैड टच के विषय में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक श्रीमती दीपिका पटेल, जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती पुष्पा सिंह उपस्थित थे तथा विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार तिवारी, पीटी शिक्षक शैलेष तिवारी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

# प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत विद्यालय में न्योता



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता मार्गदर्शन में शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में संस्था के सेवा निवृत्त शिक्षक नन्द लाल सोनी और संस्था के प्राचार्य ए एल गुप्ता के सौजन्य से प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले खाने को सामुदायिक भागीदारी के जरिए और ज्यादा पोषक बनाने की पहल है. यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है. कोई भी व्यक्ति, समुदाय के लोग अथवा सामाजिक संगठन किसी भी खास अवसर पर या स्वेच्छा से सरकारी स्कूलों में भोज का आयोजन कर सकता है. इसके अलावा खाद्य सामग्री की योगदान भी कर सकता है।

इसके साथ संस्था के छात्राओं के साथ समस्त शिक्षकों को नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं देते हुए इस सत्र में भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने छात्राओं से कहा कि यह न्योता भोज कार्यक्रम देश के प्रधान मंत्री माननीय नरेंद्र मोदी की पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता से स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अलावा पोषक युक्त भोजन देना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने छात्राओं को कहा कि यह न्योता भोज कार्यक्रम स्कूली छात्र छात्राओं और शिक्षकों के आपसी रिश्ते को माधुर्य बनाता है। इस कार्यक्रम में श्रीमती शिल्पी गुप्ता(पार्षद), श्रीमती अनिता तिवारी (अध्यक्ष) श्रीमती धर्मवती रजवाड़े (सदस्य)महेंद्र बैद्य (सदस्य) श्रीमती साधना जायसवाल (पार्षद), अमित श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता , जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रकाश तिवारी (सहायक संचालक) , देवेश जायसवाल (विकास खंड शिक्षा अधिकारी) निलेश शुक्ला (विकास खंड स्त्रोत समन्वयक) विनय मोहन भट्ट ( प्रशासक), जयनाथ बाजपेई (सहायक परियोजना अधिकारी) संजय यादव ( संकुल समन्वयक) के साथ संस्था के सभी शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित रहें।

## गिरफ्तारी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

**अंबिकापुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने जा रहे छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमलेश्वरपुर थाना परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के रवैये के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन अमरजीत भगत कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री से मिलने के लिए रवाना हुए थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें शिविर स्थल तक पहुंचने से पहले ही रोक लिया और थाने ले गई। अमरजीत भगत ने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पहले से सूचित किया था कि किसानों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को ज्ञापन देगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खाद और बीज की भारी कमी है।

# स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण-महोरा के स्वास्थ्य कर्मी गैरहाजिर, वेतन काटने के निर्देश



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह व उनकी टीम जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करना एवं व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानना था।

निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर खांडा, गिरजापुर, महोरा, सरभोका तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेंगनी का जायजा लिया गया। खांडा केंद्र में साफ-सफाई, बागवानी व्यवस्था और फ्लेक्स बैनर को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। गिरजापुर केंद्र में आरसीएच रजिस्टर, एनसीडी रजिस्टर, औषधि संधारण एवं एचआरपी मरीजों की सूची का समुचित प्रबंधन न होने पर सुधारात्मक निर्देश दिए गए। इसी तरह टेंगनी केंद्र में आईपीडी रजिस्टर, एएनसी जांच, दवा वितरण कक्ष, स्टोर एवं प्रसव कक्ष की जांच की गई। सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। प्रभारी को जरूरी व्यवस्थागत सुधार करने को कहा गया। वहीं सरभोका केंद्र में एनसीडी रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेजों का महीनों से संधारण नहीं किया गया था। साथ ही अस्पताल में पर्याप्त साफ-सफाई भी नहीं पाई गई। इस लापरवाही पर सभी संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।सबसे गंभीर स्थिति महोरा केंद्र में पाई गई, जहां निरीक्षण के समय एक भी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित नहीं था। इस पर उनके एक दिन का वेतन काटने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों को आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड निर्माण हेतु लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही निरीक्षण दल ने पटना क्षेत्र की दवा दुकानों का भी जायजा लिया। दुकानों में सीसीटीवी कैमरा, नारकोटिक्स दवाओं का संधारण, क्रय-विक्रय बिल, एवं एक्सपायरी दवाओं की स्थिति की जांच की गई। सभी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय मिले।

दुकानदारों को वैध प्रिस्क्रिप्शन के बिना दवा न देने एवं नारकोटिक दवाओं के संधारण में कठोरता बरतने के निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण दल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, औषधि निरीक्षक विकास लकड़ा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कावड़ यात्रियों के लिए यहां निशुल्क भोजन एवं रुकने की व्यवस्था का हुआ शुभारंभ

**बलरामपुर।** झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावड़ यात्रियों के निशुल्क रूकने एवं भोजन की व्यवस्था नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित मांगलिक भवन में कावरिया सेवा समिति के प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल की उपस्थिति में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। कांवरियों का पहला जत्था छत्तीसगढ़ के पेंड्रा एवं कोटा से पहुंचा था। कावड़ यात्रियों ने रामानुजगंज में रूकने एवं भोजन की बेहतर व्यवस्था साफ सफाई की जमकर प्रशंसा की। गौरतलब है कि शुक्रवार से श्रावण मास प्रारंभ होने वाला है उसके पूर्व से ही श्रद्धालुओं के जत्था का बाबा बैजनाथ धाम जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के कावड़ यात्री भी इसी रास्ते से झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाते हैं।

# कलेक्टर के निर्देश का दिखा असर-सड़कों से हटाए जा रहे आवारा मवेशी

**कोरिया बैकुंठपुर।** सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को हटाने के लिए जनपद पंचायत का अमला सक्रिय हो गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के सख्त निर्देशों के बाद यह अभियान तेजी से चलाया जा रहा है।



विगत दिनों समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने जनपद पंचायत, नगरीय निकायों और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा था कि सड़कों पर बैठे मवेशियों की वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, विशेषकर रात्रि के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मवेशियों को सड़क से हटाया जाए और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर के इन निर्देशों का असर दिखने लगा है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ खैरवार ने जानकारी दी कि रात्रिकालीन गश्ती अभियान चलाकर जिला सत्र न्यायालय से खरवत चौक और ओढ़गी से जिला सत्र न्यायालय तक के मार्गों से आवारा मवेशियों को हटाया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि सड़क पर यातायात सुचारू रूप से संचालित हो और किसी को कोई असुविधा न हो। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्पष्ट किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस अभियान को नियमित रूप से और प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने पशुपालकों से अपील करते हुए कहा है कि मवेशियों को सड़क पर बिल्कुल न छोड़ें। ऐसे करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी

# अब तक जिले के 13 हजार किसानों को 7750 मी.टन खाद वितरण



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में खेती किसानी जोर पकड़ चुका है। जिला प्रशासन लगातार किसानों को खाद, बीज वितरण व्यवस्था पर लगी हुई है।

खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण किया गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बैकुंठपुर से मिली जानकारी के अनुसार इस खरीफ सीजन के लिए 67 करोड़ रुपये का ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है। अब- तक 12 हजार 843 किसानों को 31 करोड़ 2 लाख रुपये का कृषि ऋण वितरण किया जा चुका है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यूरिया, डीएपी, एनपीके 12.32.16, एनपीके 20.20.013, एनपीके, 19.19.19, एसएसपी व एमओपी खाद भंडारण का लक्ष्य 9 हजार 860 मी.टन है, जबकि 92 प्रतिशत खाद यानी 9 हजार 145 मी. टन खाद भंडारण हो चुका है और करीब 13 हजार किसानों को 84 प्रतिशत अर्थात 7 हजार 750 मी.टन खाद वितरण अब तक वितरण हो चुका है। फिलहाल जिले के विभिन्न सहकारी सेवा समितियों में लगभग 1400 मे. टन खाद उपलब्ध है, मांग के अनुरूप यूरिया, सुपर फास्फेट व पोटाश उपलब्ध है। इसी तरह बीज वितरण का लक्ष्य 389 मी.टन है। इनमें से 377 मी. टन भंडारण किया गया है जो कि 96 प्रतिशत है और 78 प्रतिशत यानी 294 मी.टन बीज का वितरण किया जा चुका है। जिले के ग्राम चिरमी और बेमा के किसानों ने एनपीके 20-20-0- 13 काले खाद की गुणवत्ता के सम्बंध में कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कृषि उपसंचालक राजेश भारती को तत्काल जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, किसानों के हितों से किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उधर कृषि विभाग ने तत्काल खाद के नमूने जांच के लिए रायपुर प्रयोगशाला भेज दिए हैं और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कृषि, मार्कफेड तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसानों को सुलभता के साथ खाद वितरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने किसानों से कहा है कि साख समितियों में सुचारू पूर्वक खाद वितरण किया जा रहा है। उन्होंने सभी किसानों से कहा है जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज है, उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों सख्त निर्देश दिए हैं किसी भी तरह की खाद की कालाबाजारी करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें।

## ट्रक के टक्कर से महिला की मौत

**रायपुर।** देवपुरी स्थित बेहरा ब्यूटी सेलून के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक में पीछे बैठी महिला की मौत हो गई। मामले में टिकरापारा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतिका हीराबाई साहू 45 वर्ष ग्राम कुरूद जामुल दुर्ग की रहने वाली थी।

# जनदर्शन से मिली राहत-आवेदक ने जिला प्रशासन का जताया आभार

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में एक और आमजन को राहत मिली। ग्राम चिल्का, तहसील बैकुंठपुर निवासी भुनेश्वर सिंह पिता स्व. रामऔतार, जाति गोंड ने जनदर्शन में आवेदन देकर राजस्व अभिलेखों में सुधार की मांग की थी, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन द्वारा उचित निराकरण किया गया।

आवेदक ने जानकारी दी कि ग्राम चिल्का स्थित खसरा नंबर 40, 46, 50, 53, 60, 64, 105, 119, 226 कुल रकबा 3.1000 हेक्टेयर भूमि उनके एवं उनकी माता स्व. कौशिल्या के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज थी। उनकी माता कौशिल्या का 27 अप्रैल 2025 को निधन हो गया, जिसकी सूचना व मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उन्होंने राजस्व अभिलेखों से उनकी माता का नाम विलोपित करने हेतु तहसीलदार बैकुंठपुर के समक्ष आवेदन दिया था।



हालांकि, हल्का पटवारी द्वारा 3 जून 2025 को जांच प्रतिवेदन व पंचनामा प्रस्तुत कर दिया गया था, फिर भी अभिलेखों में संशोधन न होने के कारण श्री सिंह को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति से खाद-बीज तथा केसीसी का लाभ नहीं मिल पा रहा था। समिति द्वारा सहखातेदार की सहमति पत्र की मांग की जा रही थी, जो स्वाभाविक रूप से प्रस्तुत किया जाना संभव नहीं था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर बैकुंठपुर तहसीलदार श्रीमती अमृता सिंह को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात राजस्व अभिलेखों को दुरुस्त किया गया, तहसीलदार उनके घर पहुंचकर दुरुस्त राजस्व अभिलेख को उपलब्ध कराया, जिससे अब श्री सिंह को भूमि संबंधी लाभ व कृषिगत योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। कलेक्टर ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप हर जरूरतमंद लोगों की मदद करना ही जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है और यही वास्तविक सुशासन भी है। उन्होंने कहा हमने सभी तहसीलदारों, पटवारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसानों, ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समय पर उनका समाधान करें। प्रभावी एवं संवेदनशील कार्यवाही पर भुनेश्वर सिंह ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म

**रायपुर।** शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय प्रार्थिया ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि आरोपी समीर राणा ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# समर्पण भाव से करेंगे संगठन और समाज हित के कार्यः देवेन्द्र तिवारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल शिवपुर-चरचा के स्थानीय जनप्रतिनिधि व मंडल पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक सर्टिक हॉउस चरचा मे संपन्न हुआ। बैठक मे मुख्य रुप से जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला महामंत्री कपिल जायसवाल, जिला मंत्री प्रदीप तिवारी, नपाध्यक्ष अरुण जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े उपस्थित रहें। भाजपा जिलाध्यक्ष ने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त एवं पार्टी को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, जनप्रतिनिधि



व कार्यकर्ता जनसेवा की भावना से काम कर केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएँ। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों और कार्य योजना की समीक्षा कर आगामी कार्य योजनाओं के बारे मे मार्गदर्शन किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को पार्टी संगठन के विभिन्न अभियानों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

इस बैठक मे मंडल महामंत्री मुन्ना चक्रधारी, सचिन मलिक, श्याम नारायण यादव, धर्मपाल, संजय देवांगन, कुण्डल साय कुजूर, धनेश्वरी राजवाड़े, झर्मिला देवी, हरिनारायण अग्रवाल, विश्वनाथ,आदित्य जायसवाल,प्रदीप गुप्ता सहित मंडल पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## प्रदीप मिश्रा की कथा फिलहाल स्थगित



**कोरबा।** जिले के शिव भक्तों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी की छुरी नगर पंचायत में प्रस्तावित शिवमहापुराण कथा आयोजन को स्थगित कर दिया गया है।

यह आयोजन आगामी दिनों में छुरी में होने वाला था, जिसके लिए जिलेभर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में तैयारियों में जुटे थे। आयोजकों ने बताया कि कुछ अपरिहार्य कारणों से फिलहाल कथा स्थगित की जा रही है।आयोजक मंडल ने जानकारी दी कि पंडित प्रदीप मिश्रा जी की कथा की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। इस संबंध में श्रद्धालु सोशल मीडिया व आयोजक समिति से अपडेट ले सकते हैं।

*कोरबा। सावन की शुरुआत हो रही है। कोरबा जिले के शिवालयों में इसे देखते हुए तैयारियां की जा रही है।

# हड़ताल से कितना नुकसानः एसईसीएल और ट्रेड यूनियन कर रहे आंकलन

**कोरबा।** श्रम कानून की विसंगतियों, आउट सोर्सिंग को बढ़ावा देने सहित कई मुद्दों को लेकर ट्रेड युनियनों ने बुधवार को एक दिन की देश व्यापी हड़ताल की। कोरबा जिले में कुछ युनियन समर्थन में रही तो कुछ बाहर। खासतौर पर औद्योगिक क्षेत्र में कोल इंडिया को छोड़ पावर सेक्टर हड़ताल से अछूता रहा। वहीं एसईसीएल की खदानों में बेहतर काम होने के दावे किये जा रहे हैं। अब हड़ताल के बाद एसईसीएल और ट्रेड युनियन इस बात का आंकलन करने लगे है कि कि से क्या नुकसान हुआ और क्या फायदा।

एसईसीएल की ओर से यह बताने का प्रयास किया गया है कि उसने हड़ताल दिवस को भी कोरबा सहित कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित अपनी खदानों में ना केवल व्यापक उत्पादन किया बल्कि एक दिन पहले के मुकाबले हड़ताल दिवस को इसका ग्राफ बढ़ा। उपस्थिति भी काफी अच्छी रही। हालांकि इस बात को भी स्वीकार किया कि शुरूआती शिफ्ट में उपस्थिति में कुछ असर रहा। लेकिन ओव्हरआल देखा जाए तो



कर्मियों ने अपने आपको उत्पादन व अन्य गतिविधियों में बनाए रखा। कंपनी का दावा है कि तमाम प्रयासों के बावजूद हम अपने कामकाज के मामले में आगे रहे और हड़ताल का असर नहीं रहा।

दूसरी ओर इस हड़ताल में पहले से ही बीएमएस समर्थित कोयला खदान मजदूर संगठन बाहर था। उसने कहा था कि राजनीतिक कारणों से हड़ताल हो रही है इसलिए इसका कोई औचित्य नहीं है। बीएमएस को छोड़ बाकी युनियन हड़ताल में शामिल रही और अपने स्तर पर सफलता के लिए प्रयास किया। जिस तरह से कोरबा सहित आसपास के जिलों में हड़ताल दिवस को कामगारों की उपस्थिति का ब्यौरा उजागर हुआ है, उसने हड़ताल की सफलता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि इस हड़ताल से नुकसान कंपनी को हुआ या फिर युनियनों को । युनियने सोच में पड़ी है कि ज्यादा उत्पादन होने का मतलब बहुत कुछ है। ऐसा आखिर कैसे हुआ। कहा जा रहा है कि हड़ताल में उपस्थिति का प्रतिशत ज्यादा होना और इसके पीछे के वास्तविक कारणों की समीक्षा युनियन के बड़े पदाधिकारी जल्द ही करेंगे। संभव है कि इस आधार पर औद्योगिक जिले कोरबा समेत अन्य क्षेत्रों में यूनियनों को अपनी सदस्य संख्या के हिसाब से वर्चस्व दिखाने के लिए कुछ करना पड़ सकता है।

पोड़ी उपरोड़ा के पीएमश्री स्कूल का गजब हाल

# दो माध्यम से पढ़ाई लेकिन पीटीआई नहीं, कैसे तराशे जाएंगे खिलाड़ी




**कोरबा।** अच्छी बिल्डिंग विद्यार्थियों की संख्या से किसी विद्यालय को बेहतर नहीं किया जा सकता। पढ़ाई के लिए अच्छे शिक्षकों के साथ जरूरी है कि खेलकूद संबंधी गतिविधियों के लिए फिजिकल इंस्ट्रक्टर और दूसरी विधाओं के लिए भी शिक्षक दिए जाएं। विकासखंड पोंडी उपरोड़ा के पीएमश्री सेजेस इंग्लिश एवं हिंदी मीडियम स्कूल में दो वर्षों से खेल शिक्षक नहीं है। इसके चलते ना तो विद्यार्थियों की खेल प्रतिभाओं निखार पा रही है और ना ही उन्हें उच्च स्तर की प्रतियोगिता में चयनित होने का मौका मिल रहा है।

पोड़ी के इस स्कूल में लगभग 1200 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनमें से अधिकांश बच्चे आदिवासी समुदाय से आते हैं। ये बच्चे अपनी प्रतिभा और लगन से बेहतर शिक्षा व खेल के अवसरों के लिए पोंडी उपरोड़ा जैसे ब्लॉक मुख्यालय क्षेत्र में आते हैं सरकार की ओर से इस स्कूल में एक भी व्यायाम शिक्षक नियुक्त नहीं किया गया है । यही कारण है कि ना तो यहां पर खेलकूद कर जा रहे हैं और ना ही विद्यार्थियों की प्रतिभा को तराशा जा रहा है। शायद यही एक वजह है जिसके चलते यहां के खिलाड़ियों का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन के द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में नहीं हो सका है। स्कूल का खेल मैदान भी जीर्ण-शीर्ण हालत में है। न समतल ज़मीन, न सफाई, न खेल सामग्री और न कोई रखरखाव। ऐसे में ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र जो खेल के ज़रिए अपना भविष्य संवार सकते थे, वे हुनर होने के बावजूद अवसरों से वंचित हैं।

स्थानीय लोगों ने इस बारे में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह और जनपद पंचायत अध्यक्ष क्षेत्र के विधायक का ध्यान आकर्षित कराया है। अगर शिक्षा विभाग चने तो सामान्य व्यवस्थाएं आसानी से हो सकती हैं।

### गतिविधियां ठप है इस विद्यालय की

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में स्पोर्ट्स टीचर के अलावा लैब अटेंडेंस समेत कई पद रिक्त पड़े हैं। इसके अभाव में संबंधित गतिविधियां नहीं हो पा रही हैं। इन पदों की पूर्ति के लिए हमारी ओर से विभाग से पत्राचार किया गया है लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।
**-रवींद्र सिंह,** प्राचार्य सेजेस पोड़ी उपरोड़ा

## मवेशी के हमले से 6 लोग घायल, किया रेस्क्यू

**कोरबा।** बुधवारी क्षेत्र में मवेशी के हमले से 6 लोग घायल हो गए। इनमें से मकसूदन राजपूत को सिर में 6 टांके लगाने पड़े। स्थिति बिगड़ने पर एक टीम द्वारा मवेशी का रेस्क्यु किया गया। उसे सुरक्षित जगह पर रखा गया है ताकि आगे फिर ऐसे हालात न बन सके।

खबर के अनुसार गाय ने पिछले दिनों एक बछिया को जन्म दिया है। इसके बाद से ही वह आक्रामक है। नजदीक आने या यहां से गुजरने पर उसके हमले जारी है। बताया गया कि अब तक 6 लोग घायल हो चुके है। लगातार बढ़ती घटनाओं पर निगम व छत्तीसगढ़ वेलफेयर सोसायटी को सूचित किया गया। सोसायटी के अविनाश गुप्ता , निखिल यादव, सूरज सिंह, सुमित, अनिकेत, आयुष, जगदीश, जयेश, यशवंत, कुणाल, स्वैगी ने रस्सा और अन्य संसाधन के साथ रेस्क्यु



अभियान शुरू किया। कुछ देर में दोनों को अपने कब्जे में लेने के बाद गौ सेवाधाम पहुंचाया गया। पिछले दिनों निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने कहा था कि सड़क या आसपास में मौजूद मवेशियों के मामले में उनके पालकों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। लेकिन समस्या उन मामलों में आ रही है जो मवेशी लवारिश है या स्थिति बिगड़ने पर ऐसे मवेशियों को लवारिश बता दिया जाता है।



स्वामी आत्मानंद विद्यालय बांकीमोंगरा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। भाजपा पार्षद अश्विनी मिश्र इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का स्वागत करने के साथ पूरे मनोयोग से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## गौरव पथ को सुधारने कराया कोटेशन टेंडर

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा दीपिका क्षेत्र में गौरव पथ की बर्बादी को लेकर लोगों की शिकायतों के बाद यहां आनंन फानन में सुधार कार्य शुरू कराया गया है। खबर के अनुसार आसपास के लोगों ने इस अव्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की थी और सवाल खड़े किए थे। पता चला कि एसईसीएल प्रबंधन ने जल्दबाजी में कोटेशन टेंडर की व्यवस्था कराई और फिर सुधार कार्य प्रारंभ कराय । कोशिश की जा रही है कि भारी बरसात के कारण गौरव पथ में जो समस्या बनी हुई है उसका कुछ हद तक निराकरण कर दिया जाए ताकि यहां पर से होने वाले आवागमन में कुछ तो सहूलियत हो। याद रहे काफी समय से यह रास्ता सुर्खियों में तो बना हुआ ही है इसके साथ नगर पालिका और प्रशासन की

## महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर12 को पंपहाउस में

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वारा पंप हाउस क्षेत्र में 12 जुलाई को सुबह 9 बजे से नि:शुल्क स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर महिलाओं के परीक्षण के लिए डॉक्टर और स्टाफ की मौजूदगी रहेगी। निशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें सभी आवश्यक दवाएं फ्री उपलब्ध कराई जाएंगे। क्षेत्र के पार्षद रामकुमार साहू ने बताया कि सामुदायिक भवन में होना है जो शाम तक चलेगा। पंप हाउस सहित विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं इस कैम्प का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## परसदा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन कल

**कोरबा।** कल पाली क्षेत्र के हाईस्कूल परसदा में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान करेंगे। जिले में लगातार शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हो रहे हैं। छुरी में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में पार्षद कांति श्रीवास, रमेश श्रीवास उपस्थित थे। इसी तरह रजगामार में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता कमलेश अनंत उपस्थित थे। उरगा क्षेत्र में भी आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुष्मिता अनंत मौजूद थी। रलिया में दिनेश राठौर, बलपाली में ओमप्रकाश साहू, शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।

जय भोले
प्लाट बेचना है
दादर कोरबा में 20 डिसमिल रजिस्ट्री प्लाट एवं 15 डिसमिल डायवर्टेड प्लाट बेचना है।
संपर्क करें
62681-46606

# मुसीबतें पैदा की खुली नालियों ने, कब होगा सुधार?

**कोरबा।** नगर की अव्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता एक बार फिर सामने आई है। कटघोरा नगर के मुख्य स्थान शहीद वीर नारायण चौक के पास स्थित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के सामने महीनों से खुली पड़ी नाली आमजन के लिए मुसीबत बन चुकी है। नगर पालिका परिषद द्वारा लगभग दो महीने पूर्व इस स्थान पर नाली की सफाई के नाम पर ऊपर का स्लैब हटा दिया गया था, लेकिन नाली की सफाई अधूरी रह गई और उसके बाद से लेकर आज तक न तो वहां स्लैब को दोबारा ढंका गया और न ही सफाई कार्य पूरा किया गया।

बारिश के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। खुले में पड़ी नाली से गंदा पानी उफन कर बाहर आ रहा है और उसमें जमा कचरा बजबजा रहा है, जिससे लगातार दुर्गंध फैल रही है। आस-पास के व्यापारी और आम राहगीर इस बदबू और गंदगी से बेहद परेशान हैं। नाली के चारों



ओर फिसलन भी हो गई है जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है, विशेषकर जब यह स्थान नगर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है। स्थानीय व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद से कई बार इसकी शिकायत की है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद न तो जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई संज्ञान लिया और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई। यही नहीं, नगर पालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीएमओ) के समक्ष भी यह मामला उठाया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि नगर पालिका केवल टैक्स वसूली में रुचि लेती है, लेकिन जब बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की बात आती है तो उनकी कार्यशैली लापरवाही भरी नजर आती है।

नगर वासियों और व्यापारियों की मांग है कि नगर पालिका इस समस्या को तुरंत संज्ञान में ले और अविलंब नाली की सफाई कर स्लैब को पुन: ढके, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी संभावित दुर्घटना को टाला जा सके। कटघोरा की इस लापरवाहीपूर्ण स्थिति ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या नगर प्रशासन को लोगों की जान-माल की कोई परवाह नहीं है, या फिर यह सब केवल सुस्त कार्यप्रणाली का नतीजा है।




## महिलाओं को सशक्त बना रहा बीकेकेएमएस

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन द्वारा पूरे एसईसीएल क्षेत्र में महिलाओं को मजबूत करने के लिए सभी इकाईयों में समिति बनायी जा रही है। इसकी शुरूआत रजगामार इकाई से की गई है। रजगामार इकाई के प्रभारी उत्तम कुलदीप, बाबूलाल चंद्रा ने पहुंचकर समिति का गठन किया। संतोषी बाई को अध्यक्ष बनाया गया है। इस कार्य में सपन जैना व शिवदयाल साहू ने सहयोग किया। जीएम शाखा में भी रितु मुखर्जी को अध्यक्ष बनाया है। यहां पर भुनेश्वर कश्यप व संजय दयाल ने प्रयास किया। बीकेकेएमएस के अध्यक्ष हीरेन्द्र चंद्रा व महामंत्री रंजय सिंह ने सभी इकाईयों में समिति गठित करने के निर्देश दिए है। इसी तरह कुसमुंडा-गेवरा क्षेत्र में रामनारायण साहू, रमेश गुरूद्वान, मदन सिंह, प्रीतम राठौर, कुलदीप कुमार, बाबू सिंह द्वारा समिति गठित की जा रही है। संगठन को मजबूत करने के लिए बीकेकेएमएस में घर वापसी का कार्यक्रम भी चल रहा है। भुनेश्वर कश्यप अरूण सिंह, अरविंद सिंह वापस संगठन में लिए गए हैं। इसका असर आने वाले दिनों में जरूर दिखेगा।

## प्रबल प्रताप जुदेव रैली की करेंगे अगुवाई

**कोरबा।** धर्मसेना द्वारा लब्जेहाद धर्मांतरण सहित कई मुद्दों को लेकर आंदोलन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए सभी क्षेत्रों में अलग-अलग बैठक ली जा रही है। रामपुर क्षेत्र में भूपेन्द्र गभेल, अंजू सिंह द्वारा बैठक ली गई। इसी तरह दीपका क्षेत्र में राधेश्याम सिंह, मोहित बाधवानी, बांकीमोंगरा में विष्णु पटेल, कुसमुंडा में प्रकाश शर्मा, दर्री में राजा कुशवाहा, घनश्याम राठौर, बालको में सदानंद सिंह व कोरबा में संयोजक साकेत शर्मा द्वारा बैठक ली जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि रैली निकालने की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। इस रैली की अगुवाई वरिष्ठ नेता प्रबल प्रताप जुदेव करेंगे। कार्यक्रम में गुरू बालदास भी उपस्थित रहेंगे।

## जाम सिवरेज लाईन को साफ कराया

**कोरबा।** शिवाजी नगर में सिवरेज लाईन जाम होने से खराब पानी कालोनी में प्रवेश कर रहा था। पानी गिरने पर यह खराब पानी और सभी क्षेत्रों में फैल जाता था। नागरिकों की शिकायत पर भाजपा कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, महामंत्री मिलापराम कर्ष ने नगर पालिक निगम जाकर सिवरेज लाईन को साफ करने की मांग की। दूसरे दिन ही सिवरेज लाईन को साफ किया गया।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com